वर्ष : 18 अंक: 79 | ग्वालियर | बुधवार 23 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसएढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता



आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति जताई संवेदनाएं

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अमेरिकी उपराष्ट्रपति संवेदनाएं जताई है। वर्तमान में वह भारत दौरे पर हैं और कल उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी।

उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि वे और उनकी पत्नी पहलगाम में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में, हम इस देश और इसके लोगों की सुंदरता से अभिभूत हो गए हैं। हमारे विचार और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।

इज़राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने भी इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, ÷हम पहलगाम में पर्यटकों पर हुए अत्यंत निंदनीय आतंकवादी हमले से गहरे दुखी हैं। हमारे विचार पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इज़राइल भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट खड़ा है।

### थक कर लड़खड़ाती दुनिया को चाहिए भारतीयता पर आधारित मॉडल : मोहन भागवत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि यह दुनिया दो विकल्पों की दुनिया से थक और लड़खड़ा चुकी है और तीसरे मध्यम मार्ग की तलाश में भारत की ओर देख रही है। ऐसे में हमें दुनिया को भारतीयता पर आधारित मॉडल देने होंगे। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से दूर होने के लिए मन और विचार से भी भारतीयता को अपनाना होगा।

डॉ. भागवत ने आज दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रकल्प अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (सीईआईएल) के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय 'यशवंत' का उद्घाटन किया। इसके बाद डॉ. भागवत ने बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्र और दिल्ली सरकार के मंत्रियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### इंदौर में फिर मिले कोरोना के दो मरीज, बुजुर्ग महिला की मौत, युवक का इलाज जारी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में एक बार फिर कोरोना के दो मरीज मिले हैं। इनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। दोनों को शहर के अरबिंदो अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां सोमवार को महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं संक्रमित युवक का इलाज जारी है। महिला की उम्र 74 साल थी, जो किडनी की बीमारी से पीड़ित थी। जबकि युवक लंबे समय से सर्दी-खांसी से पीड़ित था। युवक ने पहले दूसरे अस्पताल में दिखाया, लेकिन फर्क नहीं पड़ने पर वह अरबिंदो अस्पताल पहुंचा, जहां उसकी कई प्रकार की जांचें हुईं, जिसमें कोविड की पुष्टि हुई है। युवक को अस्पताल के अलग वार्ड में रखा गया है। उसकी हालत ठीक बताई गई है। कोरोना वायरस की रोकथाम की पूरी गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।

### चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयानों का कड़ा जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर आयोग पर समझौतावादी और सिस्टम में कुछ गड़बड़ी का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जितने मतदाता मतदान करने आए, राज्य में उतने वयस्क भी नहीं हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को इस संदर्भ में स्पष्ट किया कि सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार आयोजित किए जाते हैं और उनकी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता होती है। भारत में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनाव होते हैं, उसकी दुनिया भर में व्यापक प्रशंसा होती है।

# जम्मू कश्मीर पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला

## 26 लोगों के मारे जाने की आशंका

### श्रीनगर में गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली-मुम्बई में हाई अलर्ट

**गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद सीधे श्रीनगर पहुंच चुके हैं। वहां वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में सुरक्षा से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद है। वही एंटी टेरर ऑपरेशन भी शुरू किया जा चुका है।**



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले में 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। इसके साथ ही कई लोग घायल है जिन्हें जिला अस्पताल और श्रीनगर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह खबर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स से आ रही है। सूत्र लगातार इस बात का दावा कर रहे हैं कि इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई है। सूत्रों का यह भी दावा है कि इन 26 में से 16 की पहचान की जा चुकी है। वही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य के दो लोगों की इस हमले में मौत हुई है। कर्नाटक से सांसद तेजस्वी सूर्य ने कहा कि उनके राज्य से एक लोग की मृत्यु की पुष्टि हुई है। हालांकि प्रभासाक्षी मौत के आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर रहा है।

इसी बीच गृह मंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद सीधे श्रीनगर पहुंच चुके हैं। वहां वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में सुरक्षा से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद है। वही एंटी टेरर ऑपरेशन भी शुरू किया जा चुका है। आतंकवादियों की लगातार तलाश की जा रही है। वहीं भारत पहुंचे अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने इस हमले पर दुख जताया है। नई दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। लगातार सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

रक्षा अधिकारी ने बताया कि कोच्चि में तैनात भारतीय नौसेना के एक अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26 वर्ष) छुट्टी पर थे और पहलगाम हमले में शहीद हो गए। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं और 16 अप्रैल को उनकी शादी हुई थी। सऊदी अरब की राजकीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा तथा आतंकवाद से लड़ने का भारत का संकल्प अडिग है।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूँ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएँ। मैं प्रार्थना करता हूँ कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएँ। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

मोदी ने आगे लिखा कि इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने जमू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जमू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बशा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एस पर लिखा, 'मैं जमू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा, इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बशा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।


### आतंकियों को बशा नहीं जाएगा : गृह मंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को नई दिल्ली से श्रीनगर के लिए रवाना हो गए। शाह श्रीनगर में सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सऊदी अरब से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत कर जमू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की जानकारी ली तथा उन्हें उचित कदम उठाने के साथ घटनास्थल का दौरा करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एस पर पोस्ट कर कहा, इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बशा नहीं जाएगा और हम कड़ी कार्रवाई करेंगे तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घटना के बारे में जानकारी दी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए शीघ्र ही श्रीनगर के लिए रवाना होऊंगा।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम नतीजे घोषित

# प्रयागराज की शक्ति दुबे ने किया टॉप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की निवासी शक्ति दुबे ने परीक्षा में टाप किया है जबकि हर्षिता गोयल और डोंगरे अर्चित पराग क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

यूपीएससी के अनुसार, परिणाम सिविल सेवा परीक्षा के लिखित भाग और व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार पर आधारित हैं, जो जनवरी और अप्रैल 2025 के बीच आयोजित किए गए थे। मेरिट सूची के अनुसार, उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और केंद्रीय सेवा (ग्रुप ए और ग्रुप बी) की नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है।

यूपीएससी के परिणामों के लिए सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी और एसटी कोटा की कई श्रेणियों से कुल 1,009 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सामान्य श्रेणी से 335 उम्मीदवारों को चुना गया है, जबकि ईडब्ल्यूएस कोटे से 109, ओबीसी श्रेणी से 318, एससी श्रेणी से 160 और एसटी श्रेणी से 87 उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

विभिन्न सेवाओं में नियुक्तियां उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर होंगी। आईएएस के तहत 360 रिक्तियां हैं। आईएफएस कैडर में विभिन्न कोटा के तहत 110 रिक्तियां हैं। यूपीएससी के आंकड़ों के अनुसार, आईपीएस में 294 रिक्तियां हैं, केंद्रीय सेवा समूह 'ए' में 1,210 रिक्तियां हैं और समूह बी में 284 रिक्तियां हैं। यूपीएससी ने कहा कि 241 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अनंतिम रखी गई है।

### मप्र के दमोह में बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में गिरी



# एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**दमोह,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम सिमरी के पास महादेव घाट पर मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में बोलेरो में सवार एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें दमोह के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों में तीन बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

**मुयमंत्री ने हादसे पर व्यत किया दुःख, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता**

पुलिस के अनुसार जबलपुर के भीटा फुलर गांव का परिवार बांदकपुर से जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद वापस लौट रहा था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बनवार चौकी क्षेत्र में महादेव घाट के पास यह हादसा हो गया। बोलेरो में 15 लोग सवार थे। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चों ने दमोह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, पांच अन्य घायलों को दमोह जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्हें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दमोह से जबलपुर पहुंचाया गया।

कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि महादेव घाट पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक पुल बना है। इस पुल के एप्रोच रोड पर आते ही बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, गाड़ी तेज स्पीड के कारण अनियंत्रित हुई। वहीं, पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर सामने आया है कि जिस टर्न पर हादसा हुआ।

## बड़े नसलियों की घेराबंदी के लिए तेलंगाना-छीसगढ़

# सीमा पर सुरक्षा बलों का सघन अभियान



**मुलुगु।** तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके के सघन वन क्षेत्र में मंगलवार सुबह से ही तलाशी अभियान चल रहा है। खबर है कि इस दौरान नक्सलियों से सुरक्षा बलों की सीधी मुठभेड़ भी हुई है। यह मुठभेड़ तेलंगाना के मुलुगु जिले और छत्तीसगढ़ जिले बीजापुर जिले की सीमा पर जारी है। इस पूरे इलाके को दण्डारण्य माना जाता है, जहां एक समय में नक्सलियों की समानांतर सत्ता चलती थी। इसी बीच उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नम्बी जंगलों में तेलंगाना राज्य के सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान भी खोजी अभियान में शामिल हुए हैं। हालांकि किसी भी सुरक्षा एजेंसी ने खोजी अभियान के दौरान मुठभेड़ या नक्सलियों के मारे जाने की अब तक पुष्टि नहीं की है।

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को मंगलवार देर शाम तेलंगाना सीमा के मुलुगु जिले के कर्रेगुट्टालु में नक्सली गतिविधि की सूचना मिली। यह भी सूचना मिली कि इसमें कुछ इनामी नक्सली या नक्सलियों के बड़े कमांडर भी हो सकते हैं। इसके बाद तेलंगाना के लगभग दो हजार सुरक्षाबलों ने रणनीति बनाकर आधी रात से ही इस पूरे इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी। मंगलवार की पहली किरण के साथ ही पूरे इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जयशंकर भूपालपल्ली के निर्देश पर जिला वेंकटपुरम मंडल क्षेत्र में बड़ी संख्या में सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है। इससे क्षेत्र में एक आशंका का माहौल बन गया है। सुरक्षाबलों के इस सर्च अभियान से कर्रेगुट्टा के पास पेनुगोलू, कोंगाला, अरुणाचल पुरम और बोल्लाराम के गांवों के साथ-साथ वेंकटपुरम मंडल के सीमावर्ती गांवों, पेंका वागु, मल्लापुरम, कर्रेवानीगुप्पा, लक्ष्मीपुरम, मुत्थाराम, पेंका वागु कालीपाका और सीतारमपुरम गांवों और कर्रेगुट्टा के ऊपर पमनूर, मुकुनूर, चेलिमेला, तडापाला और जेला के गांवों में दिन भर आवाजाही बहुत कम देखी गई। आशंका से भरे लोगों ने अपने घरों में ही बने रहना पसंद किया। दुकानें आदि व्यावसायिक गतिविधियां न के बराबर हुईं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले नक्सलियों ने एक धमकी भरा पत्र जारी किया था। इसमें लोगों से कर्रेगुट्टाला दंडकारण्यम जंगल की ओर न आने को कहा गया था।

### आरबीएसके के तहत बालक का उपचार कराने के निर्देश

# स्पोन्सरशिप योजना में 4 बच्चों को मिलेगा लाभ

## जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर,ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदको की समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस दौरान आरबीएसके के तहत बालक का उपचार कराने सहित 04 बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में लाभान्वित किये जाने के निर्देश प्रदान किये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 134 आवेदन प्राप्त हुए।

**बालक का उपचार कराने के निर्देश**

सीईओ जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर ने जनसुनवाई के दौरान 04 माह के बालक रितिक के कटे होंठ का उपचार आरबीएसके कार्यक्रम अंतर्गत कराये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये गये। बालक के पिता श्री



बृजमोहन सुमन निवासी हांसिलपुर ने आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसके पुत्र का कटा हुआ होंठ जन्म से ही है। इस संबंध में बालक का ऑपरेशन योजना के तहत निःशुल्क कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**स्पोन्सरशिप योजना में 4 बच्चों को मिलेगा लाभ**

सीईओ जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर ने श्रीमती सुनीता नामदेव निवासी सेसईपुरा तथा श्रीमती नटीबाई बैरवा निवासी चकदौलापुरा के आवेदनों पर महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय को निर्देश दिये कि बच्चों को पढाई-लिखाई तथा भरण-पोषण के लिए स्पोन्सरशिप योजना में लाभ दिया जाये। दोनों आवेदिकाओं ने जानकारी दी कि पति की मृत्यु के उपरांत बच्चों के पालन-पोषण में परेशानी उत्पन्न हो रही है। दोनों के दो-दो बच्चे हैं। इस पर योजना के तहत लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये।

**बुजुर्ग मीरा बाई को सौंपा पेंशन स्वीकृति आदेश**

सीईओ जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा जनसुनवाई के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी आवेदन का निराकरण करते हुये तत्काल ही बुजुर्ग श्रीमती मीरा बाई बंजारा निवासी बंधाली को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। बुजुर्ग महिला को अगले माह से 600 रूपये की राशि प्रतिमाह पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।

# बंजारा डैम पर स्वच्छता श्रमदान दूसरे दिन भी जारी



**श्योपुर,ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं को सहेजने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद श्योपुर के तत्वावधान में सीप नदी स्थित बंजारा डैम पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा तथा जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों द्वारा बडी संख्या में बंजारा डैम पहुंचकर सीप नदी की साफ-सफाई कार्य में सहभागिता की गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग के नेतृत्व में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सीप नदी बंजारा डैम पर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना, श्री सुजीत गर्ग, सीएमओ श्री राधेरमन यादव पार्षदगण एवं पार्षद प्रतिनिधि श्री विष्णु पाराशर, श्री जुगल मेहरा, श्री ओपी सिकरवार श्री दीपचंद रेगर, सामाजिक कार्यकर्ता श्री जय सिंह जादौन, सीडब्ल्यूसी सदस्य श्री गणेंश पाराशर, श्री चौथमल शर्मा, श्री आरबी यादव, श्री आशीष चौहान, श्री गिर्राज शर्मा, श्री ब्रजनेश सिंह सिकरवार, श्री सखावत अली, श्री शकील अहमद, श्री गौरव बंसल, श्री अरविंद पाराशर, श्री शिशुपाल सिंह तोमर, श्री इस्लाम मोहम्मद सहित अन्य जन प्रतिनिधि नागरिकगण नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे। नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग के नेतृत्व में बुधवार 23 अप्रैल को भी प्रातः 08 बजे से बंजारा डैम पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया जायेगा।



## विश्व बसुंधरा दिवस पर कन्या शाला कैलारस में हुई एक्टिविटी

**कैलारस।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलारस में विश्व बसुंधरा दिवस पर हमारी शक्ति हमारा गृह पर छात्र छात्राओं ने की एक्टिविटी की जिसमें पृथ्वी संरक्षण पर वाद विवाद व्याख्यान प्रश्न मंच चित्रकला आदि की गई । इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा द्वारा छात्राओं को कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा समझाई उसके उपरांत एक्टिविटी प्रभारी अशोक माहोर एवं नियमुद्दीन कुरेशी एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्राओं से विभिन्न एक्टिविटी कराई एक्टिविटी कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह से भागेदारी की।

# कलेक्टर का त्वरित निराकरण, 02 हितग्राहियों को सौंपे पेंशन स्वीकृति आदेश



**श्योपुर,ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा 02 हितग्राहियों के आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुये सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से पेंशन स्वीकृत कराई गयी और दोनों हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किये गये। इसके साथ ही हितग्राहियों को अब पात्रता पर्ची जनरेट होने पर खाद्यान्न का लाभ भी मिलेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा को ग्राम बर्धाखुर्द निवासी श्री मोहन आदिवासी एवं श्रीमती जशोदाबाई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और न ही उन्हें उचित मूल्य दुकान से राशन मिलता है।

इस मामले में तत्काल ही सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को तलब करते हुये समग्र पोर्टल के माध्यम से दोनों आवेदकों के नाम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में जोडने की कार्यवाही करते हुये पेंशन स्वीकृत कराई गई तथा दोनों हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किये गये। पेंशन के आधार पर दोनों हितग्राहियों को अब पात्रता पर्ची जनरेट होने पर खाद्यान्न का लाभ भी प्राप्त होगा।

# जलस्रोतों का संरक्षण करें व आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करें:एसडीएम माहौर

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)




**सबलगढ़।** जलस्रोतों का संरक्षण करें,आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करें,अग्निशमन के लिए हर ग्रामपंचायत में फायरफाइटर तैयार रखें,खुले बोरबेल बन्द किये जायें,सार्वजनिक स्थानों व सरकारी कार्यालयों में शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए।यह निर्देश मंगलवार को एसडीएम सभागार सबलगढ़ में एसडीएम अरविंद माहौर ने सबलगढ़ व कैलारस के सभी विभाग के अधिकारियों को बैठक में दिए।

एसडीएम ने बताया कि लू व गर्मी से बचाव के उपायों का पर्याप्त प्रचार प्रसार कराया जाए। जिन स्थानों पर जन सामान्य का आना जाना अधिक हो उस स्थान पर छाया शीतल पानी की व्यवस्था करवाकर सरकारी कार्यालय में तापरोधी तकनीक अपनाएं और विशेष ध्यान रखें कहीं भी पीने क पानी की कोई दिक्कत ना हो।

# संविधान बचाओ अभियान के संदर्भ में जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक आज





**मुरैना,कासं.।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वय मधुराज तोमर व दीपक शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपील की है कि 28 अप्रैल 2025 को ग्वालियर में होने जा रही संविधान बचाओ अभियान विशाल आमसभा की तैयारियों को लेकर कल दिनांक 23 अप्रैल 2025 को स्थान बिजली घर के सामने गांधी बाल निकेतन मैरिज होम में सुबह 10 बजे जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक आयोजित की जावेगी। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व मुरैना ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी लाखन सिंह यादव , विधायक व शहर कांग्रेस प्रभारी सिद्धार्थ कुशवाह , ग्रामीण कांग्रेस सह प्रभारी राहुल शर्मा एवं शहर कांग्रेस सह प्रभारी योगेश जाट उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना ने अपील की है कि उक्त बैठक में विधायकगण, लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायकगण, सभापति, समन्वय समिति सदस्यगण, प्रदेश पदाधिकारीगण, संगठन मंत्रीगण, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्षगण, सभी ब्लॉक अध्यक्षगण, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष, पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण, वर्तमान एवं पूर्व जिला पंचायत/जनपद पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सरपंच, पूर्व सरपंच, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई, किसान कांग्रेस, सेवादल, समस्त प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षगण, पार्षदगण एवं पूर्व पार्षदगण, मंडल एवं सेक्टर के अध्यक्षगण, BLA, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्तागण अधिक से अधिक संख्या में पधारने का कष्ट करें।

# शासकीय महाविद्यालय कैलारस में मनाया पोषण पखवाड़ा




**कैलारस।** शासकीय महाविद्यालय कैलारस में एनएसएस इकाई द्वारा पोषण पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत पहले महाविद्यालय में सरस्वती मां का पूजन प्राचार्य डॉ वीरेन्द्र सोनी एवम डॉ शिवचरण ने किया इसके बाद पोषण जागरूकता अभियान के बारे में श्री दर्शन गिरी गोस्वामी,कार्यक्रम अधिकारी रुचि गुप्ता सभी छात्रों को इसके बारे में बताया इसके बाद रैली महाविद्यालय से प्रारंभ करके वार्ड नंबर 6 वार्ड नंबर 5 पुरानी मस्जिद गली में कार्यक्रम अधिकारी रुची गुप्ता एवम रासेयो स्वयंसेवी और समस्त स्टाफ द्वारा निकाली गई

1, प्रौद्योगिकी एवम परंपरा से स्वस्थ एवम पोष्टिक आहार को बढ़ावा देना। 2. पोषण पखवाड़ा 2025 जीवन के पहले से एक हजार दिनों पर केंद्रित है। पहले 1000, दिन बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है। 4. प्रौद्योगिकी का उपयोग पोषण ट्रेकर वेब ऐप के माध्यम से स्वयं पंजीकरण संभव। 5. आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण सेवाओं की वास्तविक समय निगरानी। 6. तीव्र कुपोषण का सामुदायिक आधारित प्रबंधन 7. पात्र लाभार्थी गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली महिलाएं, किशोरी और बच्चे। प्रोटोकॉल के रूप में एक मानवीकृत मार्गदर्शिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।डॉ राजीव शर्मा, डॉ वरुण राज यादव, डॉ प्रवीण लिटोरिया, डॉ शिवचरण ,डॉ प्रशान्त चतुर्वेदी, डॉ रामेंद्र परमार, डॉ देवेंद्र जाटव, डॉ ममता सोनी, श्री मति शिल्पी अग्रवाल, सुश्री प्रियंका साहू,दर्शन गिरी गोस्वामी, टेलेंद्र निगम श्री मति रुचि गुप्ता, आशु शुक्ला,अमित शर्मा, यशवन्त राठौर और प्रीति धाकड़ एवम स्वयंसेवी उपस्थित रहे बाद मैं सभी को नाश्ता कराकर कार्यक्रम का समापन किया।



## डभैरा से टेंटरा बायपास रोड को कैनाल से निकालने की मांग

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** डभैरा से टेंटरा तक एनएच552 का जो बायपास रोड निकाला जा रहा है,उसे चंबल कैनाल के रास्ते से निकालने की मांग उन किसानों ने की है जिनकी उपजाऊ व वेशकीमती भूमि सड़क निर्माण में जा रही है। सरकार की नीति से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुआवजे के नाम पर भी नाम मात्र की राशि किसानों को देने की बात की जा रही है। इस संबंध में किसान पूर्व में दो बार ज्ञापन दे चुके हैं। तीसरी बार अब किसानों ने किसान सभा के बैनरतले प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम दिया है। साथ ही किसानों ने यह भी कहा है कि पारदर्शिता नहीं बरतने की स्थिति को देखते हुए किसान व्यक्ति रूप से आवेदन प्रस्तुत करेंगे। उसमें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देने मांग किसान आगामी 2 मई को करेंगे। इस बाईपास में डभैरा, पहाड़ी, पासौन, रानीपुरा बद्धपुरा, देवपुर , पूंछरी ,मांगरोल, कीरतपुर,खोह,टेंटरा सहित कई ग्राम प्रभावित हो रहे हैं। कार्रवाई का नेतृत्व श्री अशोक तिवारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश किसान सभा ,मुरारीलाल धाकड़ जिला महासचिव,रामनरेश गोस्वामी पदम जादौन निसार खान रामेश्वर रावत प्यारेलाल वकील रामकुमार सक्सेना रघुनाथ पटेल राजेंद्र त्यागी रामदयाल रावत महेश रावत रामराज धाकड़ राम प्रकाश जादौन आदि ने किया।

# जनसुनवाई में 62 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई

### जनसुनवाई में श्री दशरथ सिंह को मौके पर ही मिली कान की मशीन



**भिण्ड,ब्यूरो।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 62 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में जनपद पंचायत भिण्ड अंतर्गत ग्राम भदाकुर निवासी श्री दशरथ सिंह ने श्रवण बाधित होने के कारण जनसुनवाई में आवेदन देकर कान की मशीन दिलाये जाने की मांग की। अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में ही अपर कलेक्टर द्वारा श्री दशरथ सिंह को कान की मशीन उपलब्ध कराई गई।

कान में मशीन लगते ही श्री दशरथ सिंह को सब कुछ साफ सुनाई देने लगा। श्री दशरथ सिंह बेहद खुश हुए और शासन-प्रशासन को हृदय से धन्यवाद दिया।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

# जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी

### कलेक्टर ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील

**भिण्ड,ब्यूरो।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार माह अप्रैल-मई 2025 में तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने जिले में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु जिले के नागरिकों से अपील करते हुए बचाव के लिए आवश्यक सुझाव दिए हैं कि जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से प्रभाव, लक्षण एवं प्राथमिक उपचार के लिए दिशा निर्देशानुसार सूर्य दाह ताप के कारण शारीरिक ऐठन (भ्मंज ब्तंउच) लक्षण त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द आदि पैरों, पेट की मांसपेसियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्यधिक पसीना आना जैसी समस्या उत्पन्न हो सकती है, इसके लिए प्राथमिक उपचार है कि प्रभावित को बार-बार नहलाए, यदि फफोले निकल आए हों तो स्टरलाइजध् ड्रेसिंग करें, चिकित्सक का परामर्श लें। प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं, ऐंठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाएं तथा धीरे- धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छांछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

#### लू (तापघात) के प्रकोप से प्रभाव

#### अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव

ताप-दाह अत्यधिक पसीना आना, होना महसूस कमजोरी शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, उल्टी आना, अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है। प्रभावित व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा। इन सभी के लिए प्राथमिक उपचार के लिए प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडा एव गीले कपड़े से स्पंजिंग करें, संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं। प्रभावित को शीतल जल, छांछ अथवा पना पिलाएं। उनके शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

#### लू (तापघात) से बचाव के लिए सावधानियां

पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढ़ंककर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोंछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

पशुओं को लू (तापघात) से बचाव के लिए सावधानियां

पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त, स्वच्छ और ठंडा पानी दें। उनसे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच काम न लें। शेड की छत को पुआल से ढ़ंक दें, तापमान कम करने के लिए इसे सफेद रंगध्चूने से रंग दें या गोबर से लीप दें। शेड में पंखे और वाटर स्प्रे का प्रयोग करें। अत्यधिक गर्मी के दौरान, पानी का छिड़काव करें और मवेशियों को ठंडा करने के लिए एक जल निकाय पर ले जाएं। उन्हें हरी घास, प्रोटीन वसा बाईपास पूरक, खनिज मिश्रण और नमक दें। कम गर्मी वाले समय के दौरान उन्हें चरने दें।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का निराकरण गंभीरता पूर्ण के साथ संतुष्टिपूर्ण करें। जिससे आवेदक को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार बार जनसुनवाई के चक्कर न लगाने पडें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 14 लवकुश नगर सेवा नगर निवासी श्री सुषमा शाक्य ने अवैध निर्माण कार्य को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 37 जीवाजीगंज निवासी श्री आलोक कुशवाह ने अपनी निजी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाये जाने के संबंध में, वार्ड 15 मॉ वैष्णो पुरम कॉलोनी निवासीगणों ने आवेदन देते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध डेयरियों से निकलने वाले गोबर को नाली में बहाने से सीवर चौक हो जाता है, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 54 मिस्त्री खाना चना कोठार कम्पू निवासी श्रीमती नूरजहां ने आवेदन देते हुए बताया कि चार लोगों ने निगम की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं, आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने निगमायुक्त को दिये।

निगमायुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 40 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व, दिलाई स्वच्छता की शपथ



**ग्वालियर,नसं.।** स्वच्छ ग्वालियर के अंतर्गत शहर में म्यूज एवं डिवाइन संस्था के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मोहल्लों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को गीला सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आइईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ ग्वालियर अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज संस्था द्वारा स्वच्छता की पाठशाला अभियान अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय दुल्लपुर में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गीले तथा सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया गया, विद्यालय में तथा घर पर 4 डस्टबीन रखने के लिए प्रेरित किया गया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

इसके साथ ही डिवाईन संस्था द्वारा एसडी कॉन्वेंट हाई स्कूल में छात्र छात्राओं को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के बार मे समझाइस दी गई, इससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे समझाया गया, कपड़े की थैलियों व अन्य बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करने के बारे मे बताया गया। साथ ही 4 बीन सेग्रिगेशन के बारे में जानकारी देकर अपने घर, गली-मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानो में सफाई रखने के लिए आग्रह किया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## मुख्य मार्ग से हाथ ठेले हटाकर यातायात को किया सुगम



**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सिंघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज पूर्व विधानसभा में नवीन जिला न्यायालय कलेक्ट्रेट मार्ग से हाथ ठेले हटाये जाकर जप्त किये गए एवं मैन रोड पर रखी अवैध गुमटी को जप्त किया गया। इसके साथ सिटी सेंटर पर मुख्य मार्ग पर डाले कंस्ट्रक्शन मैटेरियल को हटवाया गया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों से लगभग 50 आवारा पशु पकड़कर गौशाला भेजा।

उक्त कार्यवाही मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव पूर्व विधानसभा द्वारा की गई। इसके साथ ही मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत जिंसीनाला, ऊंटपुल, हनुमान नगर से लेकर सुदर्शन होटल मुख्य मार्ग पर यातायात में अवरुद् दुकानों के बाहर रखा सामान, कूलर, स्टैंडबोर्ड, घास की टटिया को हटाकर जप्त करने की कार्यवाही मदाखलत दल (दक्षिण) द्वारा की गई एवं हिदायत दी गई कि दोबारा अतिक्रमण ना किया जाए।

## अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर की कार्यवाही

**ग्वालियर,नसं.।** कुंवरपुरा क्षेत्र में नगर निगम से बिना विकास अनुज्ञा प्राप्त कर अवैध रुप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी, जिसे आज मंगलवार को निगम के अमले द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से हटवाया गया तथा कॉलोनाइजर को चेतावनी दी गई। भवन अधिकारी श्री राजीव सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज ग्राम कुंवरपुरा के सर्वे क्रमांक 199, 200 पर तराना पत्नी रियायत खान, सुलेमान पुत्र कल्लू खां आदि के द्वारा 0.6791 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकास कार्य किया जा रहा था। जिसकी नगर निगम द्वारा कोई भी विकास अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई थी। उक्त कालोनी में किए गए अवैध सड़क ,विद्युत पोल सीवर लाइन,बाउंड्री वॉल आदि कार्य के विरुद्ध मौके पर कार्यवाही की गई। उक्त कार्रवाई में भवन निरीक्षक श्री अजय शर्मा, मदाखलत प्रभारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय कार्यालय का स्टाफ, पटवारी श्री सत्येंद्र श्रीवास्तव एवं महाराजपुरा थाना पुलिस बल उपस्थित रहा।



# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गर्मी को देखते हुए पेयजल से संबंधित आने वाली समस्याओं को निराकरण त्वरित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही सीवर व साफ सफाई के कार्य में गंभीरता से कार्य किया जाए। इसके साथ ही स्वर्ण रेखा में गंदगी फेंकने वालों पर जुर्माना किया जाए। साथ ही निर्देशित किया कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सफाई कर्मचारियों को कार्यवाही की जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली सभी शिकायतों को अटेंड करें। शिकायत अटेंड नहीं करने पर कार्यवाही की जाएगी तथा सभी शिकायतों का जवाब संतुष्टि के साथ दें तथा फोर्स क्लोज न करायें। बैठक में नामांकन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नामांकन की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में इसका ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने सम्पत्तियों की जीआईएस सर्वे की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा समग्र ई केवायसी में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विभागीय समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया कि सम्पत्तिकर वसूली अभियान को निरंतर चलाऐं।

## जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण व बिक्री पर लगेगी रोक

**ग्वालियर,नसं.।** एकल प्रयोग प्लास्टिक ;सिंगल यूज प्लास्टिकद्ध के उपयोग से मानव शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं व थैलियों इत्यादि के निर्माणए आयातए भण्डारणए वितरण व बिक्री पर रोक लगाने के लिये जिले के सभी अनुविभागों में अलग.अलग दल गठित किए हैं। यह दल संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में गठित किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान ने जाँच दलों को निर्देश दिए हैं कि यदि कहीं पर सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण इकाई पाई जाए तो उसके खिलाफ क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के थोक एवं खेरीज विक्रेताओं से सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्रवाई भी विधिवत कराएं।

# पृथ्वी के संरक्षण के प्रति समर्पित झांसी रेल मंडल, हरित ऊर्जा की दिशा में उठा रहा प्रभावी कदम

**झाँसी, ब्यूरो।** झांसी रेल मंडल पृथ्वी और जलवायु संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्ग दर्शन एवं वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य श्री नितिन गुप्ता के नेतृत्व में मंडल ने ग्रीन एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में कई प्रभावशाली कदम उठाए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडल ने कुल 554 KWP क्षमता के ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट्स के माध्यम से 624667 यूनिट बिजली का उत्पादन करते हुए लगभग 20 लाख रुपये की बचत दर्ज की है। मंडल की कुल सोलर उत्पादन क्षमता 1204 KWP है। इसमें से 640 KWP के प्लांट ग्वालियर स्टेशन पर स्थित थे, जिन्हें स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य के कारण हटाकर अब रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी में स्थापित किया गया है। इससे मंडल की उत्पादन क्षमता पुनः 1204 KWP हो गई है। वर्तमान में जिन स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है, उनमें मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मंडल रेल चिकित्सालय, मंडल नियंत्रण कार्यालय, इलेक्ट्रिक लोको शेड, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना झाँसी, तथा खजराहा, छतरपुर, डबरा, सरकनपुर, टीकमगढ़, मुरैना व दतिया स्टेशन प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त मंडल के 13 अन्य स्थानों जैसे भरुआ सुमेरपुर, चिरगांव, मुस्तरा, एट, अतर्रा आदि पर 10 KWP क्षमता के ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट्स का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिनकी उत्पादन क्षमता शीघ्र ही सम्मिलित की जाएगी। साथ ही 400 KWP क्षमता के नए ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट्स का कार्य मई 2025 तक 8 स्थानों पर पूर्ण किया जाएगा। मंडल द्वारा 145 समपार फाटकों पर 640 KWP क्षमता के ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट्स जून 2025 तक तथा 49 स्टेशनों पर 02 मेगावाट क्षमता के ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट्स दिसंबर 2025 तक स्थापित किए जाने का लक्ष्य है। यह पहल न केवल पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि हरित ऊर्जा के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसरता का प्रतीक भी है। मंडल इस दिशा में भविष्य में भी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।




# विहित प्रक्रिया अपनाए बगैर प्रदूषण प्रमाण.पत्र जारी कर रहे केन्द्रों की खैर नहीं

## वाहन प्रदूषण जाँच केन्द्रों के निरीक्षण के लिये दल गठित

**ग्वालियर,नसं.।** जिले में विहित प्रक्रिया अपनाए बगैर अथवा गैर मानक उपकरणों के वाहनों के प्रदूषण की जाँच करने वाले प्रदूषण जाँच केन्द्रों अर्थात पीयूसी ;पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सेंटरद्ध के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा जिले में संचालित प्रदूषण जाँच केन्द्रों के निरीक्षण के लिये संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में अनुविभागवार जाँच दल गठित किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जाँच दलों को निर्देश दिए हैं कि मानक प्रक्रिया का पालन किए बगैर वाहनों को प्रदूषण मुक्त प्रमाण.पत्र ;पीयूसीद्ध जारी करने वाले सेंटर के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा है कि वाहनों से मान्य स्तर से अधिक उत्सर्जन की स्थिति अत्यंत हानिकारक होती है और यह मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत दण्डनीय है। उन्होंने सभी जाँच दलों को जिले में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा पंजीकृत प्रदूषण जाँच केन्द्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान खासतौर पर पीयूसी द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया विहित न हो तो उनके विरूद्ध कार्रवाई करने पर उन्होंने बल दिया है। जिले के सभी राजस्व अनुविभागों अर्थात डबराए भितरवारए घाटीगाँवए ग्वालियर ग्रामीणए लश्करए मुरारए झांसी रोड़ व ग्वालियर सिटी अनुविभाग में संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में जांच दल गठित किए गए हैं।

# लक्ष्य पूर्ति के लिये अभिषेक ने एनडीए में भी प्रवेश नहीं किया



**मुरैना।** शिक्षा अध्ययन के दौरान ही भारतीय प्रशासनिक सेवा में पहुंचने की इच्छा शक्ति परिजनों से व्यक्त कर दी थी। इसी के तहत अभिषेक शर्मा ने हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही एनडीए में अपना चयन सुनिश्चित कर लिया। क्योंकि वह दो वर्ष पूर्व से ही संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। दृढ़ इच्छा शक्ति और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की पूर्ति करने वाले अभिषेक शर्मा को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा चयन सूची में 38वां स्थान प्राप्त हुआ है। मूल रूप से उत्तरप्रदेश आगरा की बाह तहसील के ताल का पुरा बासोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा आगरा की बाधवा कॉलोनी में भी निवास करते हैं। उत्कृष्ट व अनुशासित शिक्षा से गहरा लगाव होने के कारण ही अशोक कुमार शर्मा ने अंग्रेजी में स्नातकोत्तर तथा बीएड की शिक्षा पूर्ण करने के साथ छात्रों की सेवा का मार्ग चयन किया। वर्ष 2015 में उत्कृष्ट अंग्रेजी शिक्षक का राष्ट्रीय पुरस्कार भी उन्हें मिला। वर्ष 1998 में अशोक कुमार शर्मा का विवाह गांव के नजदीकी प्रधान अध्यापक की पुत्री सीमा शर्मा से हुआ। उनके वर्ष 2000 में अभिषेक का जन्म हुआ, उसके बाद बेटी अनुष्का इस परिवार के चौथे सदस्य के रूप में शामिल हुये। सम्पूर्ण परिवार शिक्षा से जुड़ा होने के कारण अभिषेक की प्राथमिक शिक्षा सागर के कान्वेंट स्कूल में हुई। माध्यमिक व हाईस्कूल शिक्षा धौलपुर राजस्थान के नवोदय विद्यालय में पूर्ण की गई। हायर सेकेण्डरी की शिक्षा मुरैना जिले के पोरसा तहसील क्षेत्रान्तर्गत संचालित आवासीय विद्यालय बनखण्डेश्वर विद्यापीठ में हुई। अभिषेक ने कम्प्यूटर साइंस से बीटेक एज्युकेशन एमएनआईटी भोपाल से की। अध्ययन के दौरान ही डिलाइट कम्पनी में डाटा एनालेटिस्ट के पद पर हुई। 2 वर्ष तक ही निजी कम्पनी में सेवाऐं दीं। संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिये विगत वर्ष से तैयारी शुरू कीं और पहले प्रयास में ही 38वां स्थान बनाकर अपनी योग्यता साबित कर दी। दो दिवस बाद 24 अप्रैल को भारतीय वन सेवा की चयन परीक्षा में अभिषेक साक्षात्कार देंगे। आगामी साक्षात्कार को लेकर पिता के सुझाव पर अभिषेक ने विनम्रता से कहा कि लक्ष्य पूर्ति के लिये अंतिम बिंदू तक संघर्ष करना चाहिए। बड़ी से बड़ी उपलब्धि के बाद भी किसी भी परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम तक प्रयास करना ही सफलता की ओर ले जाता है। अभिषेक की सफलता से सम्पूर्ण परिवार ही नहीं नवोदय विद्यालय प्रबंधन भी हर्षित है। पिता अशोक शर्मा मुरैना जिले के जौरा तहसील मुख्यालय पर स्थित नवोदय विद्यालय में अंग्रेजी के व्याख्याता पद पर पदस्थ हैं। वहीं उनकी बेटी अनुष्का शर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय जौरा से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण की। स्नातक शिक्षा के लिये दिल्ली यूनिवर्सिटी दोलतराम कॉलेज में दाखिला लिया। अब दिल्ली यूनिवर्सिटी से ही स्नातकोत्तर का अध्ययन कर रहे हैं।

# मुरैना जिले के कैलारस, जौरा एवं झुण्डपुरा में जल प्रदाय परियोजना कार्य प्रगति पर

**भोपाल,ब्यूरो।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अधीनस्थ उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (MPUDC) द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से मुरैना जिले के कैलारस, जौरा एवं झुण्डपुरा कस्बों में समग्र जल प्रदाय परियोजना का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से इन तीनों नगरों की लगभग 70,000 की शहरी आबादी को स्वच्छ एवं नियमित जल आपूर्ति का लाभ प्राप्त होगा।

## परियोजना के प्रमुख घटक इस प्रकार हैं

कैलारस में 3.2 एमएलडी क्षमता का अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र (Water Treatment Plant) निर्माणाधीन है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस संयंत्र के लिए कुंवारी नदी से जल प्राप्त किया जाएगा। जल संग्रहण हेतु 2 ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जा रहा है, तथा नगर के प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने हेतु लगभग 24 किलोमीटर लंबी वितरण पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

जौरा में 275 किलोलीटर क्षमता वाला क्लीन वाटर पम्प स्थापित किया जा रहा है। यहाँ 78 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर जल कनेक्शन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, 4 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

झुण्डपुरा में 41 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, और जल संग्रहण हेतु 3 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य जारी है।

यह परियोजना "हर घर नल से जल" अभियान के तहत मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे इन क्षेत्रों में जल संकट की दीर्घकालिक समस्या का समाधान होगा और नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।






**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.-सी/158/JHS/RCR./e-Auction/2025 दिनांकः 17.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणीः** मिसलेनियस-स्टेटिक-सर्विसेज-रेल कोच रेस्टोरेंट

**केटलोग संख्या-** RCR-ORAI-01-25

**एसेट्स डिटेल्सः** झाँसी मंडल के उरई रेलवे स्टेशन पर निकास द्वार के एप्रोच रोड को पार करने के बाद सर्कुलेटिंग के सामने 300 वर्ग मीटर क्षेत्र में रेल कोच रेस्टोरेंट का आवंटन।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांकः 02.05.2025 को समय 10.30 बजे से।

**ई नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांकः 02.05.2025 को समय 11.00 बजे तक।

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **679/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन- 2025-49

**कार्य का नाम :** मेंटेनेंस ऑफ़ थर्ड लाइन बिटवीन झाँसी -डबरा सेक्शन फॉर 24 माह अंडर एडीईएन/लाइन/झाँसी सब-डिवीज़न।

अनुमानित लागत रू.: 24870285.10 | अमानत राशि : 274400.00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 24 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि : 14/05/2025 at 15:00 hrs.,** • निविदा दिनांक 14/05/2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **678/25 (D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## संपादकीय

# बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा

बांग्लादेश की अपस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना निर्वासन के दर्द और पीड़ा से धीरे-धीरे उबर रही हैं। बंगाली नववष-‘‘पोहेला बैशाख’ के अवसर पर अपनी पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और देशवासियों के लिए जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है, ‘आज स्वतंत्रता-विरोधी ताकतों ने बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है। वे सक्रिय रूप से बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।’ उन्होंने दो टूक कहा, ‘जो लोग अब बांग्लादेश का शासन चला रहे हैं, वे राष्ट्र और हमारी संस्कृति के दुश्मन हैं।’ लोगों को याद होगा कि पिछले वर्ष अगस्त में कट्टरपंथियों ने शेख हसीना की निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट दिया था। उसके बाद से वे भारत में निर्वासित हैं। हाल-फिलहाल बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे प्रतीत होता है कि वहां इस समय बंगाली अस्मिता और इस्लामी पहचान के बीच सीधा संघर्ष चल रहा है। अमेरिका के समर्थन से देश की सत्ता की बागडोर संभालने वाले मो. यूनुस और कट्टरपंथी जमाते इस्लामी व हिफाजते इस्लाम जैसे संगठन बांग्लादेश का नया इतिहास लिख रहे हैं। बांग्लादेश में शुरू से बैसाख महीने के पहले दिन ‘मंगल शोभायात्रा’ के नाम से जुलूस निकाला जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष हिफाजते इस्लाम और जमाते इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों ने मंगल शोभायात्रा को हिन्दू अनुष्ठान बताकर इसका नाम बदलने के लिए सरकार पर दबाव बनाया। सरकार ने इसका नाम बदल कर ‘आनंदो शोभायात्रा’ कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि लोकतंत्र और मानवाधिकार की दुहाई देने वाले अमेरिका और पश्चिमी देश बांग्लादेश में इस्लामी पहचान की वकालत करने वाली ताकतों का समर्थन कर रहे हैं। इस हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं कि इस्लामी कट्टरपंथी का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है जो धीरे-धीरे पूरे समाज को धर्मांधता की ओर धकेल देगा। सबसे भयावह स्थिति यह हो सकती है कि बंगाली संस्कृति वाला यह देश नया अफगानिस्तान या सीरिया न बन जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि बांग्लादेश का मौन बहुमत धीरे-धीरे अपनी आवाज बुलंद करने लगे। कुछ महीने पूर्व यहां लाखों लोगों ने ‘आमार सोनार बांग्ला’ का सामूहिक रूप से गायन किया था। शेख हसीना के यह संदेश से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भरेगा। सबको इस दिन का इतंजार है जब बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा।

# लॉर्ड जीसस के सच्चे शिष्य थे पोप फ्रांसिस

(राकेश अचल -विभूति फीचर्स)



पोप फ्रांसिस को न मैंने कभी देखा और न मिला लेकिन टेलीविजन के पर्दे पर वे जब भी दिखे एक आकर्षक धार्मिक नेता की तरह ही नजर आये । उनके चेहरे से दया,करुणा ही झलकती दिखाई दी,उन्हें कभी उत्तेजित होते हुए नहीं देखा गया। पोप फ्रांसिस रोमन कैथोलिक ईसाई समाज के सबसे बड़े धार्मिक गुरु थे। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक पोप फ्रांसिस रोमन कैथोलिक समुदाय के 266 वे और सोसाइटी ऑफ जीसस (जेसुइट ऑर्डर) के पहले पोप थे, दक्षिणी अमेरिका से पहले पोप थे, तथा 8वीं शताब्दी के सीरियाई पोप ग्रेगरी तृतीय के बाद यूरोप के बाहर जन्मे या पले-बढ़े दूसरे पोप थे।

अर्जेंटीना के बोनस आइरिस में जन्में पोप फ्रांसिस की भी ईश्वर में आस्था एक बीमारी की गिरफ्त में आने के बाद बढ़ी । ये बात 1958 की है। वे 1969 में पहली बार पादरी बने और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पोप फ्रांसिस 2013 में तत्कालीन पोप के इस्तीफे के बाद उनके उत्तराधिकारी बनाये गए। आप जानते ही हैं कि पोप की हैसियत सिर्फ एक धार्मिक नेता की ही नहीं होती बल्कि वे विश्व राजनीति में एक कूटनीतिज्ञ की तरह भी किरदार अदा करते है। पोप फ्रांसिस प्रगतिशील और दक्षिणपंथ विरोधी नेता के रूप में उभरे । उन्होंने अनेक विवादास्पद रिश्तों और प्रवासियों के मुद्दों पर चीन जैसे देशों से मुठभेड़ की। पोप फ्रांसिस हमेशा प्रवासियों के हितों की रक्षा को सभ्य समाज का कर्तव्य मानते थे । उन्होंने इस मुद्दे पर अमरीकी नीतियों का भी विरोध किया।

मुझे लगता है कि पोप फ़्रांसिस का पूरा जीवन लॉर्ड और चर्च की सेवा में समर्पित रहा। पोप फ्रांसिस ने दुनिया को हमेशा साहस, प्यार और हाशिए के लोगों के पक्ष में खड़ा रहने के लिए प्रेरित किया। एक मायने में कहें तो पोप फ़्रांसिस लॉर्ड जीसस के सच्चे शिष्य थे। पोप फ्रांसिस को कैथोलिक चर्चों में सुधार के लिए भी जाना जाता है। इसके बावजूद पोप परंपरावादियों के बीच भी लोकप्रिय थे। फ्रांसिस दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना) से बनने वाले पहले पोप थे। पोप फ़्रांसिस ईस्टर संडे को ही वेटिकन में सेंट पीटर्स स्क्वेयर पर अपने भक्तों के सामने प्रकट हुए हुए थे।

पोप फ्रांसिस को मैं कोरा धार्मिक नेता नहीं मानता क्योंकि चुनाव के दौरान उन्हें रूढ़िवादियों और सुधारकों दोनों का जबरदस्त समर्थन मिला। पोप ने आलोचनाओं की परवाह किये बिना यौन मामलों में रूढ़िवादी और सामाजिक मामलों में उदारता दिखाई । पोप को उनके समर्थक उन्हें लोगों से जुड़ने, क्यूरिया (वेटिकन नौकरशाही) में सुधार लाने, वेटिकन बैंक में भ्रष्टाचार को समाप्त करने और चर्च में बाल यौन शोषण रोकने के संकल्प के कारण खासा पसंद करते थे। पोप बनने के चार साल बाद हुए सर्वेक्षणों से पता चला कि पोप की लोकप्रियता कैथोलिक और अन्य धर्मों के बीच बहुत ज़्यादा है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्हें डेढ़ करोड़ से भी ज़्यादा लोग फ़ॉलो करते हैं। कई मुद्दों पर सीधा दखल न देने के कारण वेटिकन के अंदर और बाहर उनके विरोधियों की संख्या भी काफी रही। आप माने या न मानें किन्तु मुझे पोप फ्रांसिस हमेशा गांधीवादी लगे । उनका जीवन सादा और उच्च विचारों का था। एक बार की बात है कि पोप फ्रांसिस वेटिकन लौटते समय इतालवी राजधानी के मध्य में पादरी वर्ग के लिए बने एक होटल में रुके । ये होटल पोप के लिए निशुल्क था किन्तु उन्होंने अपना बिल चुकाने पर ज़ोर दिया, इससे उनकी शैली की छाप पोप पद पर तुरंत पड़ गई। पोप ने उस विशाल पेंटहाउस अपार्टमेंट को त्याग दिया, जिसे पोप कई शताब्दियों से इस्तेमाल कर रहे थे।


वह वेटिकन गेस्टहाउस के एक छोटे से सुइट में रहने लगे। पोप फ्रांसिस ने पोप के ग्रीष्मकालीन निवास कासल गंडोल्फो को भी त्याग दिया था। पोप फ्रांसिस मुझे इसलिए भी आकर्षित करते रहे क्योंकि वे कोरे धार्मिक भाषणों तक ही सीमित नहीं रहे । उन्होंने सामाजिक सरोकारों को भी रेखांकित किया। उन्होंने मुक्त बाजार अर्थशास्त्र पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि चर्च को समलैंगिक लोगों के लिए राय बनाने के बजाय उनसे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने अन्य बातों के अलावा यूरोपीय प्रवासी हिरासत केंद्रों की तुलना नज़रबंदी शिविरों से की।

## शब्द सामर्थ्य -026

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, ‘लेवल’ 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## बाल जगत

# सुनो कहानी सप्तऋषियों की

(जनक वैद-विभूति फीचर्स)

उस समय के सभी बच्चों की तरह हम भाई बहन भी प्रतिदिन रात को सोने से पहले अपनी गुणवान मां से कोई ना कोई कहानी अवश्य सुनते। इसलिए एक दिन रात को सोने से पहले रात को आकाश की ओर अंगुली करते हुए हमने कहा, ÷ मां! आज तो हम सप्तऋषियों की कहानी सुनेंगें।÷ तब मां ने कहा कि, ÷ पहले तो मैं उनके नाम बताती हूं। तनिक ध्यान से सुनो!÷मां के यह कहते ही, मैं और मेरे दोनों छोटे वीरे (भाई),पलंग पर ही चौकड़ी मार कर बैठ गए। हमारी इस हरकत से, मां हंसने लगी। तत्पश्चात कथा आरंभ हुई जैसे , हां तो बच्चो! पहले मैं तुम को उनके नाम बताती हूँ । ऋषि वशिष्ठ, अत्रि ,मारीचि , भारद्वाज, कृतु ,अंगिरा और पुलतस्य। मां ने आगे बताया कि,÷ ब्रह्मा जी ने संसार में सनातनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए, इन महापुरुषों की उत्पत्ति की। इन्होंने अपने ज्ञान से वेदों, ग्रंथों और पुराणों की रचना की और उसी ज्ञान को जनसाधारण तक पहुंचाया। और इसीलिए उस समय के समाज ने इन महापुरुषों को सप्तऋषियों कीउपाधि दी। बच्चों! अलग अलग समय में अन्य अनेक विद्वानों ने भी , हमारे प्राचीन साहित्य और धर्म ग्रंथों में लिखे ज्ञान को ,उस समय के लोगों तक पहुंचाया और इसीलिए उस समय के समाज ने भी, उन महापुरुषों को भी सप्तऋषियों की उपाधि दी। पद्मपुराण, विष्णु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार वशिष्ठ, विश्वामित्र, कश्यप, भारद्वाज, अत्रि, जमदग्नि और गौतम भी सप्त ऋषि कहे जाते हैं।

तत्पश्चात मां ने बताया कि यदि तुम अपनी मित्रमंडली में इस विषय पर कोई बात करो और तुम्हारे साथी बोलें कि, ÷यह वाले ऋषि नहीं, वे तो कोई और ही हैं। तब तुम निःसंकोच उनकी शंका का निवारण कर सकते हो। अच्छा तो बच्चों! अभी तुम्हें सप्तऋषि और बालक ध्रुव के विषय में कुछ अन्य जानकारी, भी बताती हूं ध्यान से सुनो जैसे कि, सप्तऋषि तारे स्वयं ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं तथा एक धारणा यह भी है कि ,ध्रुव तारा एक ही स्थान पर स्थित है। पर वास्तव में ऐसा नहीं है। वैज्ञानिकों ने खोज की है कि, लगभग प्रति पांच हजार वर्ष बाद, यह अपने स्थान से तनिक सरकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार सप्त ऋषि तारामंडल, उत्तरी आकाश में दिखाई देने वाला एक प्रसिद्ध तारामंडल है, जिसे सात तारों के एक समूह के रूप में देखा जाता है। इसे सप्तर्षि, अर्सा मेजर, ग्रेट बेयर या बिग डिपर भी कहा जाता है। यह तारामंडल ध्रुव तारे के चारों ओर घूमता हुआ प्रतीत होता है। मां ने हमें आगे बताया कि ,÷ देखो ! उधर, सप्तऋषियों की ओर ....उधर ऋषि वशिष्ठ नामक तारे के करीब, थोड़ा ऊपर जो धुंधला सा एक तारा दिख रहा है उसका नाम है अरुंधति। यह ऋषि वशिष्ठ की पत्नी है। उनकी इच्छा थी कि,मृत्यु के बाद भी वे अपने पति के समीप रहे इसीलिए इस तारे को अरुंधति का नाम दिया। फ़िर हमने मां से कहा मां! एक और कहानी सुनाओ! तब मां ने हमें लाड़ से डांटते हुए कहा , बस अब सो जाओ।

**बाकी कहानी कल......**

## सू- दोकू क्र. 026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। जिन लोगों की संगत में आप नकारात्मक बन रहे हैं, फिलहाल उन लोगों से दूरियां बनाने का विचार करेंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित समस्या दूर होगी। जो काम कठिन है, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रभावशाली लोगों का साथ मिलेगा। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छाशक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। आज आपको अपने इगो पर नियंत्रण रखना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और खुद को सुधारें। आज जितनी पक्की आप योजना बनाएंगे, सफलता मिलने की संभावनाएं उतनी ज्यादा होंगी। आज आप जीवनसाथी को डिनर कराने के लिए जा सकते है।

**कर्क**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। स्वभाव की नकारात्मक बातों को सुधारने की कोशिश करें। काम की जगह नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लवमेट के साथ चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आज आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा। परिवार के साथ चल रही समस्याओं को तुरंत सुलझाने की कोशिश करेंगे। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारिया दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे। इस राशि के जो लोग बड़ी कंपनियों में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार की उलझन लेने की जरूरत नहीं है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजों को बदलना नामुमकिन है। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब होंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे। आज आपको जिद् करने से बचना होगा। आज व्यापार की शुरुआत मित्रों के साथ मिलकर हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, रिश्ते की बात आगे बढ़ सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी भी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। पहले किये किसी निवेश का आज आपको अच्छा लाभ मिलेगा, अच्छा लाभ मिलने से आपके प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे। संतान की ओर से आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर ताल मेल बना रहेगा।

**मीन**
आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगाएंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के लोग आपके काम में सहयोग करेंगे। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करेंगे। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे। खेल जगत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

## विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस

# ज्ञान का अक्षय भंडार हैं पुस्तकें

**पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं... पुस्तकें मानव ज्ञान का संचित रूप हैं। ये हमें अतीत की घटनाओं से लेकर भविष्य की संभावनाओं तक का मार्ग दिखाती हैं। विज्ञान, इतिहास, साहित्य, दर्शन, कला, संस्कृति और सभ्यता के हर क्षेत्र की जानकारी पुस्तकों में समाहित होती है। सदियों से पुस्तकें मनुष्यों के लिए ज्ञान और मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत रही हैं। पुस्तकें अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सूचित रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं।**

- डॉ. केशव पाण्डेय



आज विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस है। साहित्य और पढ़ने के महत्व का जश्न मनाने के लिए प्रति वर्ष 23 अप्रैल को इसे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पढ़ने, प्रकाशन और कॉपीराइट के महत्व को बढ़ावा देना है। यह दिवस न केवल पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों के अधिकारों एवं योगदान को भी सम्मान देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पुस्तकों का हमारे व्यक्तिगत, सामाजिक और बौद्धिक विकास में कितना बड़ा योगदान होता है। इस अवसर पर विश्वभर में साहित्यिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं,जिनका उद्देश्य पठन-पाठन को प्रोत्साहित करना होता है। इस दिन साहित्य जगत में इन लेखकों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को भी याद किया जाता है। 23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। 1995 में पेरिस में आयोजित यूनेस्को के महासम्मेलन में 23 अप्रैल को स्वाभाविक रूप से विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के रूप में चुना गया, ताकि इस तिथि पर लेखकों को विश्वव्यापी श्रंद्धाजलि दी जा सके और सभी को पुस्तकों तक पहुँच बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। क्योंकि इसी दिन साहित्य जगत की तीन महान विभूतियां लेखक विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और इंका गार्सिलसो डे ला वेगा सभी का निधन हुआ था। पुस्तकों और कॉपीराइट का समर्थन करके यूनेस्को रचनात्मकता, विविधता और ज्ञान तक समान पहुँच के लिए खड़ा है। जिसमें साहित्य के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क से लेकर साक्षरता और मोबाइल लर्निंग को बढ़ावा दिया जा सके। जिससे वैज्ञानिक ज्ञान और शैक्षिक संसाधनों तक ओपन एक्सेस को बढ़ावा मिल सके।



यूनेस्को ने यह पहल तब की, जब युवा पीढ़ी के लिए मौजूदा परिवेश में विभिन्न स्रोतों से जानकारी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। प्रति वर्ष यूनेस्को एक साल के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करता है, जो किताबों और पढ़ने को बढ़ावा देने और जश्न मनाने के लिए गतिविधियों का एक कार्यक्रम चलाता है। 2025 के लिए यूनेस्को ने रियो डी जेनेरियो को विश्व पुस्तक राजधानी चुना है। हर साल पुस्तक दिवस को एक निश्चित थीम के साथ मनाया जाता है। इस बार की थीम ÷अपने तरीके से पढ़ें÷ लोगों को पढ़ने के आनंद पर जोर देती है। बच्चों को अपनी स्वायत्तता का समर्थन करती है और उन्हें किसी भी तरह से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, चाहे वे कहानी, कविता या किसी अन्य रूप में पढ़ें। यह दिवस अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी है तथा भावी पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल। विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को एक साथ लाने का एक मंच बन गया है। पुस्तकों को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए, यह आवश्यक है कि वे हमारी दुनिया की भाषाई विविधता को प्रतिबिंबित करें। यही कारण है कि वर्ष 2022 में शुरू किए गए अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी भाषाओं के दशक के हिस्से के रूप में यूनेस्को स्वदेशी और क्षेत्रीय दोनों भाषाओं में पुस्तकों के प्रकाशन का समर्थन कर रहा है। अब बात करते हैं दूसरे पहलू कॉपीराइट की– यह एक कानूनी अवधारणा है, जिसे अधिकांश सरकारों द्वारा अधिनियमित किया जाता है। जो मूल कार्य के लेखकों या रचनाकारों को आम तौर पर सीमित समय के लिए विशेष अधिकार प्रदान करता है। यह कॉपीराइट धारक को कार्य और अन्य संबंधित अधिकारों के लिए श्रेय पाने का अधिकार भी देता है। इसलिए यह एक बौद्धिक संपदा रूप है। कॉपीराइट लेखकों और रचनाकारों को उनकी रचनाओं पर वैधानिक अधिकार देता है। यह न केवल उनके आर्थिक हितों की रक्षा करता है, बल्कि उन्हें नई और मौलिक रचनाएँ करने के लिए प्रेरित भी करता है। यदि कॉपीराइट का सम्मान नहीं होगा, तो रचनात्मकता को क्षति पहुँच सकती है। ऐसे में प्रकाशकों और लेखकों के लिए कॉपी राइट एक आर्थिक शक्ति प्रदान करने और अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित रखने का सबसे बड़ा अस्त्र है।

नई दिल्ली में आयोजित होने वाले ÷विश्व पुस्तक मेला 2025÷ की थीम इस बार ष्त्मचनइसपब/75ष् है, जो भारत के गणतंत्र के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रही है। क्योंकि आधुनिक डिजिटल युग में भी पुस्तकों की महत्ता कम नहीं हुई है। भले ही पढ़ने का माध्यम ई-बुक्स या ऑडियो बुक हो गया हो, लेकिन ज्ञान का मूल स्रोत अब भी पुस्तकें ही हैं। शिक्षा, शोध और रचनात्मकता के हर क्षेत्र में पुस्तकों की भूमिका अमूल्य है। कह सकते हैं कि एक अच्छी पुस्तक व्यक्ति के भीतर गहरे विचार और आत्मचिंतन की प्रक्रिया को जन्म देती है। यह न केवल जानकारी देती है, बल्कि समझदारी और सोचने की क्षमता भी विकसित करती है। साहित्यिक पुस्तकों के माध्यम से हम दूसरों के अनुभवों, संघर्षों और भावनाओं को महसूस कर पाते हैं। इससे सामाजिक सद्भाव, मानवीयता और सहिष्णुता की भावना विकसित होती है।

पुस्तकों का एक रूप आनंद और सुकून भी होता है। कहानियाँ, उपन्यास और कविताएँ हमारे मन को प्रसन्न करती हैं और तनाव को कम करती हैं। विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि यह एक प्रेरणा है कि हम पुस्तकों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। हमें न केवल पढ़ने की आदत डालनी चाहिए, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही, लेखकों और रचनाकारों के अधिकारों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। क्योंकि अच्छी किताबें एक अच्छा मित्र और एक अच्छी सोच जीवन को सफल और सार्थक बना देते हैं। पुस्तकें ज्ञान का अक्षय भंडार हैं। ये न केवल सूचनाओं का स्रोत होती हैं, बल्कि हमारे विचारों, संवेदनाओं और कल्पनाओं को भी आकार देती हैं। एक अच्छी पुस्तक पाठक के जीवन की दिशा बदल सकती है। बच्चों में नैतिक मूल्यों का बीजारोपण हो या युवाओं में नेतृत्व का विकास, पुस्तकों की भूमिका सर्वत्र महत्वपूर्ण होती है। लेकिन समय के साथ आज पुस्तकों के समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं। डिजिटल युग में जहाँ सोशल मीडिया और तात्कालिक सामग्री का बोलबाला है, वहीं पुस्तकों से दूर होता जा रहा समाज चिंताजनक है। इस दिन का उद्देश्य युवाओं को फिर से पढ़ने की ओर प्रेरित करना है। साथ ही, पायरेसी और बौद्धिक चोरी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए कॉपीराइट के महत्व को समझाना भी आवश्यक है। विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस न केवल पुस्तकों के प्रति प्रेम को बढ़ावा देता है, बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्ति और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें इस दिवस को केवल एक समारोह तक सीमित न रखकर, अपने जीवन में पुस्तकों को स्थान देना चाहिए और रचनाकारों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# संघ लोक सेवा आयोग के क्षितिज में चमके रीवा के दो सितारे

## रोमिल ने 27वीं तथा शुभम ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में पाई सफलता

## विन्ध्य के दो युवाओं की प्रतिभा और परिश्रम ने यूपीएससी में बिखेरी सफलता की चमक





**रीवा,कासं.।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा सर्विसेज का अंतिम परिणाम आज घोषित कर दिया गया। इसमें विभिन्न संवर्गों में युवाओं का चयन हुआ है। रीवा के रोमिल द्विवेदी ने 27वीं रैंक तथा शुभम शुक्ला ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में सफलता पाई है। दोनों की प्रारंभिक शिक्षा रीवा में ही संपन्न हुई है। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के क्षितिज पर रीवा के दो सितारे चमक रहे हैं। विन्ध्य के दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से यूपीएससी की परीक्षा में सफलता की चमक बिखेरी है। रोमिल द्विवेदी - रोमिल द्विवेदी ने यूपीएससी की परीक्षा में 27वीं रैंक प्राप्त की है।


रोमिल को पिछले वर्ष भी यूपीएससी में सफलता मिली थी। वर्तमान में रोमिल इंडियन रेलवे में कार्यरत हैं। रोमिल के पिता श्री केके द्विवेदी उपायुक्त सहकारिता के पद पर वर्तमान में भोपाल में कार्यरत हैं। उनकी माता श्रीमती आशा द्विवेदी गृहणी हैं। उनके चाचा श्री प्रकाश द्विवेदी संभागीय पेंशन कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। रोमिल का परिवार मूल रूप से रीवा जिले के जवा तहसील के पुरौना गांव का निवासी है। रीवा में बोदाबाग में भी उनका पारिवारिक आवास है। रोमिल बचपन से ही प्रतिभाशाली थे। उनके चाचा श्री प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि रोमिल की प्रारंभिक शिक्षा बाल भारती स्कूल में हुई। उन्होंने शेष स्कूली शिक्षा डीपीएस भोपाल से पूरी की। इसके बाद रोमिल ने मेनिट भोपाल से बीटेक की उपाधि प्राप्त की। उनके पिता श्री केके द्विवेदी ने बताया कि रोमिल ने किसी कोचिंग संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया। उन्होंने स्वयं ही यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी की।

शुभम शुक्ला - शुभम शुक्ला ने यूपीएससी में 116वीं रैंक के साथ सफलता प्राप्त की है। शुभम वर्तमान में भारतीय खेल विकास प्राधिकरण में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। शुभम का परिवार रीवा में उर्रहट मोहल्ले में निवासरत है। शुभम के पिता श्री अजय शुक्ला व्यवसायी हैं तथा उनकी माता श्रीमती संगीता शुक्ला गृहणी हैं। शुभम की भी प्रारंभिक शिक्षा बाल भारती स्कूल रीवा से हुई है। इसके बाद उन्होंने आईईटी डीएव्ही इंदौर से सिविल इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी की। उनके पिता अजय शुक्ला ने बताया कि शुभम स्कूली शिक्षा के दौरान भी टापर रहे। उनके दादा उसे सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। शुभम की शुरू से ही रूचि सिविल सर्विसेज में थी। शुभम की बहन शिवानी ने बताया कि शुभम ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। उसके मित्र हर्षवर्धन सिंह का बहुत सहयोग रहा। शुभम की सफलता से पूरा परिवार बहुत खुश है। उनके मित्र तथा वर्तमान में उमरिया में जनसंपर्क अधिकारी अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि शुभम शुक्ला ने यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में चार बार सफलता प्राप्त की। उन्हें तीन बार साक्षात्कार में भी सफलता मिली। अपने अंतिम प्रयास में उनका 116वीं रैंक के साथ चयन हुआ है।

शुभम अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दीदी शिवानी शुक्ला को दिया है। यूपीएससी की तैयारी में शुभम को सबसे अधिक सहायता और सहयोग श्री हर्षवर्धन सिंह से मिला। हर्षवर्धन का दो वर्ष पूर्व भारतीय पुलिस सेवा में चयन हुआ। उनके पिता रीवा में संयुक्त कलेक्टर थे। हर्षवर्धन अपना विभागीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कर्नाटक में पदस्थापना स्थल में नवीन पदभार ग्रहण करने जा रहे थे। दुर्भाग्य से सड़क दुर्घटना में उनकी दुखद मौत हो गई थी। अरूणेन्द्र सिंह ने बताया कि शुभम शुरू से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प से प्रयास कर रहे थे। उनके संकल्प को अंततः सफलता मिल गई है। श्री सिंह ने इस सफलता के लिए शुभम को बधाई दी है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 79 आवेदकों की समस्यायें सुनीं

## जनसुनवाई में विभाग प्रमुख अनिवार्यतः उपस्थित रहें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 79 आवेदकों की समस्यायें सुनीं। राजस्व, ग्रामीण विकास, शिक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों को कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जनसुनवाई में विभागीय प्रमुख अनिवार्यतः उपस्थित रहें उनके प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों पर समाधानकारक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में अनूप तिवारी ने रघुराज सागर तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नवल किशोर मिश्रा मगुरहाई निवासी के सीमांकन करने, अमित पटेल चन्द्रपुर निवासी ने पहुंचमार्ग से अतिक्रमण हटाने तथा अर्जुन नगर निवासी आरिफ खान के सीमांकन कराने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत पटना के रामकृपाल एवं सगरा के सूबेलाल कोल ने मार्ग से अतिक्रमण हटाने तथा आदिवासी बस्ती करहिया नं. 2 के निवासियों ने आम रास्ता को खोले जाने के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सेमरिया अन्तर्गत बरहा के निवासियों ने पेयजल व्यवस्था कराने तथा हरिजन बस्ती भटिगवां के निवासियों ने हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आवेदन दिया। कलेक्टर द्वारा संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में अमिलकी के किसानों ने अग्नि से क्षतिग्रस्त गेंहू की फसल का मुआवजा देने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार रूचि साकेत भटिगवां के साइकिल व छात्रवृत्ति दिलाये जाने के आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी को, बक्षेरा के कमलेश तिवारी के नल जल योजना से जल प्रदाय किये जाने के आवेदन को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को, शिवाकांत तिवारी लौरी नं. 2 के नक्शा तरमीम करने के आवेदन को नायब तहसीलदार गुढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। पुनीत पाठक मढ़ा परासी कल्पना पाण्डेय खैरी-2 के बिजली बिल के सुधार के आवेदनों पर विद्युत विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय व संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

## छात्रवृत्ति के आवेदन दो दिवस में निराकृत करें : कलेक्टर

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी प्राचार्य, डीन तथा छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारियों को छात्रवृत्ति के आवेदन दो दिवस में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा शामिल है। इसमें आदिवासी कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की जाएगी। आवास सहायता तथा छात्रवृत्ति के सभी आवेदन पत्र दो दिवस में निराकृत करके उसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करा दें। तय समय सीमा के बाद छात्रवृत्ति का प्रकरण लंबित रहने पर उत्तरदायी अधिकारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# नगरीय निकायों में भी चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

**रीवा,कासं.।** रीवा जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय निकायों में भी 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों तथा नदियों की साफ-सफाई एवं हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं भी बनवाई जा रही हैं। नगर परिषद मनगवां में जनप्रतिनिधियों तथा सफाई कर्मियों ने मलकपुर तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया। नगर परिषद गुढ़ में कष्टहरनाथ मंदिर के समीप नदी में साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर परिषद के कर्मचारियों तथा पीएचई विभाग के कर्मचारियों ने तीन हैण्डपंपों में सुधार कराकर उन्हें चालू कराया। हैण्डपंपों में सोकपिट का भी निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 6 में मढुलियन मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराई गई। नगर परिषद चाकघाट, नगर परिषद डभौरा तथा नगर परिषद गोविंदगढ़ में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं।



# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अंगदान के लिए किया गया समिति का गठन

**रीवा,कासं.।** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा जटिल रोगों के उपचार का केन्द्र बनने के साथ अंग प्रत्यारोपण केन्द्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। पिछले एक साल में इस अस्पताल में 6 किड़नी प्रत्यारोपण के सफल आपरेशन किये गये। इन सभी में जिन रोगियों में किड़नी का प्रत्यारोपण किया गया। उन्हें परिवारजनों से ही किड़नी प्राप्त हुई थी। यदि कोई व्यक्ति ब्रोन डेथ हो जाये तो उसके शेष अंग काफी समय तक सक्रिय अवस्था में रहकर कार्य करते रहते हैं। ऐसे व्यक्ति के अंगों का भी जरूरतमंद रोगियों को प्रत्यारोपण किया जा सकता है। इसके लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चार डॉक्टरों की समिति का गठन किया गया है। समिति में डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. रंजीत झा, डॉ. नितिन पाण्डेय तथा डॉ. अक्षय श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। इस संबंध में अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य केडवरिक अंग प्रत्यारोपण को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से किसी एक ब्रोन डेथ व्यक्ति के विभिन्न अंगों का कई रोगियों को प्रत्यारोपण किया जा सकता है। डॉ. श्रीवास्तव ने आमजनता से रोगियों की जान बचाने के लिए अंगदान करने का संकल्प लेने की अपील की है।

## कृषक जनप्रतिनिधियों की फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनाएं : कलेक्टर

**रीवा,कासं.।** जिले भर में सभी तहसीलों में फार्मर आईडी बनाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसीलदारों को कृषक जनप्रतिनिधियों की फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मामूली बढ़त के साथ खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 79,500 स्तर से ऊपर

**मुंबई ,एजेंसी।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.34 बजे सेंसेक्स 134.87 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 79,543.37 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 37.65 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 24,163.20 पर था। निफ्टी बैंक 78.85 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 55,383.35 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 299.45 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 54,273.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78.10 अंक या 0.47 प्रतिशत चढ़कर 16,851.45 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, निफ्टी अब मार्च के उच्चतम स्तर 23,870 पर वापस आ गया है, जो निकट भविष्य में एक महत्वपूर्ण प्रतिरोध स्तर हो सकता है। पीएल कैपिटल के सलाहकार प्रमुख विक्रम कासट ने कहा, अगर निफ्टी सूचकांक 23870 स्तर पर टिकने और ऊपर उठने में विफल रहता है तो इसमें निकट भविष्य में कुछ सुधार या साइडवेज कंसोलिडेशन देखने को मिल सकता है। नीचे की ओर, 23460 पर 20 एचएमए 'सुधार या पुलबैक' के मामले में एक महत्वपूर्ण समर्थन स्तर होगा। हालांकि, यदि निफ्टी सूचकांक टूटता है और 23870 से ऊपर टिका रहता है, तो ऊपर की ओर 24250 ङ्क 24500 स्तर पर नजर बनाए रखनी होगी। इस बीच, सेंसेक्स पैक में इटरनल, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड टॉप गेनर्स रहे। जबकि, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक टॉप लूजर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 2.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,170.41 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,158.20 पर और नैस्डैक 2.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,870.90 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में, जापान, हांगकांग और बैंकॉक लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि जकार्ता, सोल और चीन हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख के बावजूद, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा लगातार खरीदारी ने घरेलू परिदृश्य में विश्वास को बढ़ाया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 21 अप्रैल को 1,970.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस बीच, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 246.59 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### गोल्ड ने बनाया नया रिकॉर्ड, कीमत 1 लाख के करीब पहुंची

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सोने की कीमतों ने सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बनाया और 24 कैरेट सोने का भाव पहली बार 97,000 रुपये के करीब पहुंच गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 96,805 रुपये हो गया है, जो कि 97,000 रुपये से मामूली रूप से कम है। सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी को माना जा रहा है। हाजिर बाजार में भी सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,659 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 9,427 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 20 कैरेट और 18 कैरेट की कीमत क्रमशः 8,596 और 7,824 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है और कॉमैक्स पर सोने की कीमत बढ़कर 3,400 डॉलर प्रति औंस हो गई है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश कर रहे हैं।

# गुजरात ने केकेआर को 39 रनों से हराया, गिल-सुदर्शन ने खेली अर्धशतकीय पारी



**कोलकाता , एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 39वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 39 रनों से हरा दिया है. गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता के सामने जीत के लिए 199 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में कोलकाता की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ 8 में से पांच मैच जीतकर गुजरात अंक तालिका में 12 प्वाइंट्स के साथ पहले स्थान को और मजबूत किया है. वहीं 8 में से केवल तीन मैच जीत सकी केकेआर 7वें स्थान पर चली गई है। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की टीम कभी भी अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और आवश्यक रन रेट लगातार बढ़ता रहा. हालांकि अजिंक्य रहाणे ने 36 गेंदों पर 50 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम की जीत के लिए जरूरी विस्फोटक पारी नहीं खेल पाए. आंद्रे रसेल ने 21 रनों की पारी के दौरान तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन वे क्रीज पर टिके रहने और टीम को जीत की ओर ले जाने में विफल रहे. जीटी के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे पहले मैच में केकेआर ने टॉस जीतकर जीटी को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया. जीटी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने 114 रनों की साझेदारी करके मैच पर अपना दबदबा बनाया. साई सुदर्शन 52 रन बनाकर आउट होए, जबकि शुभमन गिल ने 90 रनों की तूफानी पारी खेली. जोस बटलर ने 23 गेंदों पर नाबाद 41 रन बनाए, जबकि शाहरुख खान ने पांच गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाए. केकेआर की ओर से वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट लिया। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने 114 रनों की साझेदारी करके टीम को शुरू में ही मजबूत पोजीशन में पहुंचा दिया था. गिल ने 55 गेंद पर 90 रनों की कप्तानी पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के शामिल थे. जिसकी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया. वहीं सुदर्शन 36 गेंदों पर 52 रनों की पारी खेली।

## ऑस्ट्रेलिया में अदाणी का मास्टरस्ट्रोक, भारत बन रहा बाजार से मार्गदर्शक

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (NQXT) को वापस अपने नियंत्रण में लेकर भू-राजनीतिक और आर्थिक गलियारों में एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है। 2.4 अरब अमेरिकी डॉलर का यह सौदा सीधे तौर पर नकद लेनदेन पर आधारित नहीं है, बल्कि अदाणी समूह की कंपनियों द्वारा कारमाइकल रेल और पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स को 14.35 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिससे प्रमोटर की हिस्सेदारी में 2.12% की वृद्धि होगी। यह अधिग्रहण महज एक व्यावसायिक सौदा नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत की बढ़ती रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए पश्चिम से पूर्व तक व्यापार मार्गों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार साबित हो सकता है। इस बंदरगाह से होने वाले 90% कार्गो का सीधा संबंध एशियाई देशों, विशेषकर भारत और चीन से है। यह 'पावर प्ले' अदाणी समूह की वैश्विक विस्तार की रणनीति में पूरी तरह फिट बैठता है। बोवेन और गैलीली कोल माइंस से सीधी कनेक्टिविटी के कारण यह ऊर्जा और संसाधनों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है। भविष्य में, यही टर्मिनल ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधनों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आज के दौर में बंदरगाह केवल जहाजों के ठहरने की जगह नहीं रह गए हैं, बल्कि वे भू-राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। ब्लैकरॉक जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों का पनामा और अन्य महत्वपूर्ण बंदरगाहों में भारी निवेश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बंदरगाहों पर नियंत्रण भविष्य की शक्ति का निर्धारण करेगा। अदाणी पोर्ट्स का यह कदम भारत को इसी शक्ति के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। गौरतलब है कि नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल पहले भी अदाणी समूह के स्वामित्व में था, जिसे 2011 में खरीदा गया था और 2013 में घरेलू विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रमोटर को हस्तांतरित कर दिया गया था।

## आईपीएल 2025 के बीच मचा बवाल, राजस्थान रॉयल्स पर लगा मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा 18वें सीजन के बीच एक बड़ा बवाल खड़ा हो गया है. 2008 की चैंपियन और 2022 सीजन की रनर-अप राजस्थान रॉयल्स की टीम पर आईपीएल 2025 में मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोप लगे हैं।

राजस्थान रॉयल्स की टीम 19 अप्रैल को अपने होम ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयुपर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 9 रन नहीं बना पाई और 2 रन से मैच हार गई. इस करीबी हार के बाद, राजस्थान रॉयल्स की टीम पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की तदर्थ समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया है।

श्रीगंगानगर से भाजपा विधायक और आरसीए की तदर्थ समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स का मैच फिक्स था. आखिरी ओवर में 9 रन बनाना आसान है वो भी तब जब हाथ में 6 विकेट हों. मैं मांग करता हूं कि इस मैच की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जो भी रिपोर्ट आए उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

बता दें कि, इस मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान को 181 रन का लक्ष्य दिया था. रन चेज़ के दौरान एक समय पर आरआर का स्कोर (156/2) पर था. यशस्वी जायसवाल और स्टैंड-इन कप्तान रियान पराग क्रीज पर थे. राजस्थान को जीत के लिए 18 गेंदों पर 25 रन चाहिए थे, लेकिन फिर लखनऊ के तेज गेंदबाज आवेश खान ने जायसवाल और पराग को आउट कर दिया. आखिरी ओवर में जीत के लिए राजस्थान को 9 रन की दरकार थी. लेकिन, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर और शुभम दुबे 9 रन बनाने में विफल रहे। राजस्थान रॉयल्स की टीम फिलहाल 8 मैचों में 6 हार और 2 जीत के साथ प्वाइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर है. उनका अगला मैच 24 अप्रैल को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ है। इस मैच से पहले ही राजस्थान रॉयल्स की टीम पर गंभीर आरोप लगे हैं. जिससे पूरी टीम सवालों के घेरे में आ गई है।

## भारतीय शूटर सिमरनप्रीत कौर ने जीता सिल्वर मेडल, मनु भाकर चौथे स्थान पर रहीं



**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टार शूटर सिमरनप्रीत कौर बरार ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप सर्किट के दूसरे चरण के अंतिम दिन पेरू के लीमा में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार सिल्वर मेडल जीतकर भारत के लिए पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता. वहीं, डबल ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। सिमरनप्रीत ने पांच रैपिड-फायर शॉट्स के 10-सीरीज के फाइनल में कुल 33 हिट लगाए, जो चीन की सुन युजी से एक हिट पीछे रहे, जिन्होंने इस स्पर्धा में लगातार दो वर्ल्ड कप गोल्ड जीते हैं. दूसरी चीनी खिलाड़ी याओ कियानक्सुन ने 29 हिट के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया. यह प्रतियोगिता में भारत का चौथा रजत था, जिसके साथ 2 स्वर्ण और 1 कांस्य भी था। पहली सीरीज के बाद ही चीन की खिलाड़ी शीर्ष पर पहुंच गईं जबकि भारतीय निशानेबाजों ने दूसरी सीरीज से ही अपनी लय हासिल कर ली. छठी सीरीज में मनु और सिमरनप्रीत दोनों ने पांच-पांच शॉट लगाए जबकि ईशा ने चार निशाने लगाए। इसके बाद मनु, ईशा और जर्मनी की डोरेन वेनकेम्प के बीच शूट ऑफ हुआ. ईशा सबसे पहले बाहर हो गईं. इसके बाद मनु ने दूसरे शूट ऑफ में डोरेन को पछाड़कर शीर्ष चार में जगह बनाई. मनु हालांकि अगली सीरीज के बाद एक अंक से पिछड़कर बाहर हो गईं।

इससे पहले, डबल ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर, मिक्सड टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह और सिमरनप्रीत की भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में जगह बनाई।

# बदरवास की एक डेंटल क्लीनिक एवं एक पैथोलॉजी शील्ड






**शिवपुरी,ब्यूरो।** बदरवास विकासखंड में संचालित एक डेंटल क्लीनिक और एक पैथोलॉजी को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शील्ड कर दिया। वहीं दो संस्थानों को पंजीयन आने के उपरांत कार्य करने की समझाइश दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने निर्देश अनुसार जिले में संचालित अवैध क्लीनिक व स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील खंडोलिया के नेतृत्व में जिला मलेरिया अधिकारी लालजू शाक्य, बीएमओ डॉ. चेतेन्द्र कुशवाह, फार्मासिस्ट सोमनाथ गौतम सहित चार सदस्यीय दल विकासखंड बदरवास में संचालित स्वास्थ्य संस्थानों एवं पैथोलॉजी के औचक्क निरीक्षण के लिए भेजा गया। जिसमें संजीवनी पैथोलॉजी का निरीक्षण किया तो लैब परीक्षण होते हुए पाए गए, लेकिन संचालक आशिफ अली पुत्र मुनीर अली पैथोलॉजी पंजीयन का प्रमाण नहीं दिखा सके। इसी प्रकार बालाजी डेंटल क्लीनिक बदरवास पर क्लीनिक खुली मिली, लेकिन कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं था। क्लीनिक संचालक का नाम राजू ग्वाल बताया गया। क्लीनिक पर क्लीनिक पंजीयन का कोई प्रमाण भी नहीं लगा हुआ था। इस वजह से स्वास्थ्य दल द्वारा दोनों संस्थानों को सीलबंद करने की कार्यवाही की गई। सीएमएचओ द्वारा बताया गया कि बदरवास में ही ओम डेंटल क्लीनिक डॉ. दीपमाला एवं डॉ.हेंमत द्वारा संचालित पाई गई संचालक द्वारा पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रति प्रस्तुत की गई। जिस पर पैथोलॉजी संचालक को पंजीकरण उपरांत ही पैथॉलाजी संचालन की सलाह दी गई। बदरवास में ही शिवानी पैथोलॉजी का निरीक्षण जब स्वास्थ्य दल ने किया तो किसी भी प्रकार के पैथोलॉजी परीक्षण होते हुए नहीं पाया गया, लेकिन पैथॉलाजी खुली हुई थी। जिस पर संचालक को नियमानुसार पंजीयन हो जाने के बाद संचालित करने की समझाइश दी गई। पैथोलॉजी एवं स्वास्थ्य संस्थानों के संचालकों को सीएमएचओ शिवपुरी द्वारा नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब देने के निर्देश जारी किए गए है।

# डकैतों से परेशान आदिवासियों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर की बंदूक लाइसेंस की माँग

## बन्हेरा में डकैतों का तांडव, दहशत में आदिवासी, सहरिया क्रांति ने सौंपा ज्ञापन

**शिवपुरी,ब्यूरो।** जिला शिवपुरी के थाना बैराड़ अंतर्गत ग्राम बनहेरा में डकैतों व बदमाशों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि अब आदिवासी समाज के लोग अपने अस्तित्व और जानमाल की हिफाजत के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर हो गए। सहरिया क्रांति आंदोलन के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को एसपी शिवपुरी को ज्ञापन सौंपकर गाँव में डकैतों के उत्पात पर कड़ा एक्शन लेने की माँग की।

ज्ञापन में बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बनहेरा गाँव में डकैतों की सक्रियता बढ़ गई है। ये असामाजिक तत्व आए दिन गाँव के भोले-भाले आदिवासियों को डरा-धमकाकर लूटपाट, महिलाओं से बदसलूकी और बच्चों तक के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं। हाल ही में डकैतों ने गाँव में खुलेआम लूटपाट कर सनसनी फैला दी। इस वारदात के बाद पूरे गाँव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रातभर पहरेदारी करने को मजबूर हैं और खेत-खलिहान तक जाने से डर रहे हैं। सबसे खौफनाक बात यह है कि बदमाशों का हौसला इतना बुलंद है कि वे



खुलेआम जान से मारने की धमकियाँ दे रहे हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से मुलायम यादव नामक बदमाश और उसके साथियों का नाम लेकर बताया गया कि वे आदिवासियों पर हमले की साजिश रच रहे हैं। हालात यह हैं कि ग्रामीण रोजगार, खेती-बाड़ी और बच्चों की पढ़ाई तक छोडने् को मजबूर हो गए हैं। सहरिया क्रांति आंदोलन के संयोजक संजय बेचैन ने प्रशासन को चेताया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आदिवासी समाज सड़क पर उतरने को बाध्य होगा।

ग्रामीणों ने गाँव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और जब तक बदमाशों की गिरफ्तारी न हो, तब तक सशस्त्र सुरक्षा व्यवस्था की माँग की। साथ ही आत्मरक्षा के लिए समस्त आदिवासी ग्रामीणों को वैधानिक बंदूक लाइसेंस देने की माँग भी ज्ञापन में रखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रशासन सुरक्षा देने में विफल है, तो उन्हें अपनी जान और अपने परिवार की रक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। सहरिया क्रांति आंदोलन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो शिवपुरी में बड़ा आदिवासी आंदोलन खड़ा किया जाएगा। अब देखना यह है कि शिवपुरी पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है। क्या बनहेरा के आदिवासियों को सुरक्षा मिलेगी, या उन्हें यूँ ही डकैतों के रहमोकरम पर जीना होगा? गाँव के हर गरीब की नजरें अब एसपी शिवपुरी पर टिकी हैं।



## शिवपुरी की बेटी कृतिका आईएएस और बेटा नीतेश आरईएस बना

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के लिए गौरव का क्षण है। जिले की दो प्रतिभाओं ने यूपीएससी 2024 की परीक्षा में सफलता हासिल की है। करैरा की कृतिका नौगरेया ने 400वीं रैंक हासिल कर आईएएस अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया है। कृतिका प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेविका मनीषा और सतीश कुमार नौगरेया की बेटी हैं। कृतिका का नाम टॉप 20 में 18वें स्थान पर है। वहीं हिम्मतगढ़ गांव के किसान परिवार से आने वाले नीतेश धाकड़ ने 719वीं रैंक हासिल की है। नीतेश की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी मेहनत और संघर्ष की कहानी अब अन्य युवाओं के लिए मिसाल बन गई है। दोनों प्रतिभाओं को जिले भर से बधाइयां मिल रही हैं। उनकी इस सफलता से पूरा शिवपुरी जिला गौरवान्वित है। यह सफलता दर्शाती है कि प्रतिभा किसी भी क्षेत्र से हो सकती है, चाहे वह शहर हो या गांव।

# गांजे की तस्करी करने आया एक आरोपी गिरफ्तार, 2 किलो 383 ग्राम गांजा जब्त

**शिवपुरी,ब्यूरो।** दिनारा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झांसी से दिनारा गांजे की तस्करी करने आए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक लाख 10 रूपए का 2 किले 383 ग्राम गांजा सहित एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

दिनारा थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध गांजा लेकर झांसी से दिनारा तरफ आ रहा है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करने हेतु झांसी शिवपुरी हाईवे रोड चैक पोस्ट के पास सिकन्दरा बैरियर के पास दतिया तरफ से आने वाले वाहनो की चैकिंग लगायी गयी कुछ समय बाद दतिया तरफ से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोका गया। मोटरसाइकिल को चैक किया तो मोटरसाइकिल का नंबर एमपी 32 जेडसी 6225 होने से मुखबिर की सूचना प्रमाणित पायी जाने से मोटरसाइकिल पर बैठा व्यक्ति जो पीठ पर एक कपडे का पिट्ठू बैग टांगे हुआ




था उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राहुल पुत्र भगवानदास अहिरवार उम्र 23 साल निवासी ग्राम उदगंवा थाना जिगना जिला दतिया का होना बताया संदेही राहुल अहिरवार अपने पीठ पर एक कपडे के पिट्ठू बैग टांगे बैग की तलाशी ली तो पिट्ठू बैग में 01 पैकेट खाकी रंग के शेलो टेप लिपटा हुआ पैक मिला पैकेट को खोलकर चैक किया तो उसमे सूखा गांजा जैसा मादक पदार्थ मिला जिसको इलेक्ट्रानिक तराजू पर तौल किया गया तो कुल 02 किलो 383 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसकी कीमत 25000/-रूपये करीब होना पाया गया व आरोपी के कब्जे से एक मोटर साईकिल कीमती 85000 रूपये कुल कीमती 1,10,000 रूपये जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना दिनारा उ.नि. अमित चतुर्वेदी, सउनि विनोद गौतम, सउनि सुल्तान सिंह, प्रआर हिमांशू चतुर्वेदी, दीपक उपाध्याय, अशोक तिवारी, आर. रामअवतार लोधी, आशीष शर्मा, मनोज यादव, पीकेश कुमार, अरविंद मांझी, रमाशंकर मांझी, सैनिक हरीराम पालिया, विशाल शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

## टेकरी बाजार में भाविप शाखा शिवपुरी ने लगाई प्याऊ, नपा सीएमओ व पार्षद ने किया शुभारंभ

**शिवपुरी,ब्यूरो।** भीड़ भरे बाजार में खरीदारी करने और दुकानों को संचालित करने वाले दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा एक नवीन प्याऊ की स्थापना स्थानीय टेकरी बाजार स्थित टोडरमल मार्केट सदर बाजार में की गई। इस प्याऊ का शुभारंभ नपा सीएमओ ईशांक




धाकड़ एवं क्षेत्र के ही वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद ओमप्रकाश जैन ओमी के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि निश्चित ही बाजार आने-जाने वाले और दुकानदारों के लिए संस्था भाविप शाखा शिवपुरी की यह प्याऊ अमृत के समान साबित होगी, क्योंकि एक ओर जहां प्रतिदिन ही गर्मी का तापमान बढ़ रहा है तो वहीं इस प्याऊ के होने से आसपास के दुकानदारों को पीने का पानी मिलेगा ही साथ ही दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणजन सहित शहरवासियों को भी बाजार में खरीदारी के दौरान यहां प्यास लगने पर शीतल प्याऊ से ठण्डा पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस अभिनव पहल की पार्षद ओमप्रकाश जैन ओमी के द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। संस्था अध्यक्ष एड.शैलेन्द्र समाधिया व सचिव पुनीत जैन एवं कोषाध्यक्ष सुकेष मित्तल ने इस अवसर पर बताया कि सेवा और परोपकार के कार्यो को लेकर समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद् शाखा शिवपुरी के तत्वाधान में सत्र 2025-26 की यह प्रथम प्याऊ है जो स्थानीय टोडरमल मार्केट सदर बजार शिवपुरी में स्थापित की गई जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय नपा सीएमओ श्री धाकड़ व पार्षद ओमी जैन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर यहां स्थापित प्याऊ के शुभारंभ पर टोडरमल मार्केट के संचालक मुकेश जैन सहित संस्था भाविप शाखा शिवपुरी के राजेश सिंघल, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, अशोक गोयल, संजीव जैन, विजय अरोरा, राजकुमार बिंदल, आशीष सेठ, मनीष अरोरा, राजीव शर्मा, प्रदीप जैन सहित आसपास के दुकानदार एवं राहगीर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संस्था सचिव पुनीत जैन के द्वारा व्यक्त किया गया।

# धौलपुर में पोषण पखवाड़ा समापन समारोह ने गढ़ी उम्मीदों की रंगोली

## नन्हे कदमों के लिए संकल्पित हाथः पोषण पखवाड़े की रंगीन विदाई






**धौलपुर, ब्यूरो।** पोषण सिर्फ थाली तक सीमित नहीं, वह सोच है, संस्कार है, समाज की सेहत है। इस विचार को मूर्त रूप देते हुए नगर परिषद ऑडिटोरियम में मंगलवार को पोषण पखवाड़ा 2025 का समापन समारोह आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 'सरकारी सेवा की पहली पंक्ति' करार दिया। उन्होंने कहा, गांव के सबसे पहले स्पर्श से लेकर पहले निवाले तक, बच्चे का मार्गदर्शन करने वाली आप ही होती हैं। आपकी सेवा नौकरी नहीं, नवजीवन को दिशा देने वाली तपस्या है।

उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि हर आंगनबाड़ी सहायिका को हितधारक नव प्रसूताओं, धात्री व गर्भवती महिलाओं से सतत संवाद में रहना चाहिए, ताकि सही समय पर सही पोषण पहुंच सके और शिशु स्वस्थ बचपन की ओर बढ़ सके। जपाइगो संस्था के सहयोग से हो रहे प्रशिक्षणों की भी सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण स्तर पर पोषण व्यवस्था को और प्रभावशाली बनाएगी।

### रंगों में पोषण का संदेश

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा ÷उत्तम पोषण थीम÷ पर ऑन स्पॉट रंगोली प्रतियोगिता, जिसमें भाग लेने वाली महिलाओं ने रंगों और साबुत अनाजों, दलहनों, सूखे मेवों एवं फल सब्जियों का प्रयोग करते हुए रचनात्मकता से पोषण के संदेशों को ज़मीन पर सजीव कर दिया। सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिभागियों को जिला कलक्टर द्वारा सम्मानित किया गया।

### प्रेरणास्रोत बनीं कर्मठ महिलाएँ

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेन्द्र सिंह ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विभाग की योजनाओं और लक्ष्यों की जानकारी दी। पोषण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक धौलपुर भूपेश गर्ग, बाड़ी के परियोजना निदेशक अर्पित श्रीवास्तव, सैंपऊ के अवनीश कुमार और बसेड़ी के रत्नेश यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सुपरवाइजर, कार्यकर्ता, सहायिका मौजूद रहे।

# अपात्र लोगो से की जाएगी वसूली

**धौलपुर, ब्यूरो।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान वो लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशानुसार अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड सकें।

जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 अनुसूची-1 में परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो तथा परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर निष्कासन सूची में शामिल है।

उन्होंने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव उप अभियान में आज तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा धौलपुर जिले में 1194 परिवारों के 5368 व्यक्तियों ने गिव अप किया। उन्होंने बताया कि खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार अपात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा से स्वेच्छा से हटाने के लिए गिव अप अभियान की अवधि 30 अप्रेल 2025 तक बढ़ा दी गई है।

मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर दिनांक 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना पोर्टल खोला गया, जिसमें आज तक राजस्थान में 20.80 लाख व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया। गिव उप अभियान में जिले धौलपुर में 205 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे बाजार भाव से गेहूँ की वसूली की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन मालिकों का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी कर गेहूँ की वसूली की कार्यवाही करवाई जायेगी।

# जिले में लघु एवं सीमांत कृषकों को बैलों की जोड़ी पर मिलेगा अनुदान

**धौलपुर, ब्यूरो।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2025-26 घोषणा के तहत निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में लघु एवं सीमांत कृषकों को बैलों से खेती करवाये जाने पर किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रूपये प्रति जोड़ा दिया जायेगा। इसके लिये किसान के पास लघु सीमांत प्रमाण-पत्र, बैलो की जोड़ी, बैलों का पशु बीमा, बैलों की उम्र 15 वर्ष से कम होनी आवश्यक है। इसके लिये किसान जनआधार व आधार कार्ड 6 माह से कम समय की नवीनतम जमाबंदी, लघु सीमांत प्रमाण-पत्र, बैलों की जोड़ी के साथ किसान की फोटो सहित राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पहले आओं, पहले पाओं के सिद्धांत पर प्राथमिकता अनुसार किसानो का चयन किया जायेगा। दस्तावेजों की जांच मे कोई त्रुटि रही तो किसान को विभाग द्वारा मोबाईल पर मैसेज दिया जाकर ई-मित्र से सुधार करवा सकते हैं। इसके लिये अधिकतम 30 दिवस का समय दिया जावेगा अन्यथा आपका आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा। प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पशुपालन विभाग का कार्मिक, तीनों विभाग के कार्मिकों द्वारा संयुक्त रूप से भौतिक सत्यापन किया जाकर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा। लघु व सीमांत श्रेणी के कृषको के अतिरिक्त अन्य किसान आवेदन के पात्र नही है।

# कांटेदार तारबंदी, चैनलिंक और वर्गाकार जाली पर भी मिलेगा अनुदान

## 0.5 हैक्टेयर भूमि वाले किसान करा सकेंगे तारबंदी अब तक 1.5 हैक्टेयर भूमि पर मिलता था अनुदान

**धौलपुर, ब्यूरो।** कृषि विभाग की अनुदानित तारबंदी योजना के आवेदन की नई गाइड लाइन के अनुसार योजना को लेकर नियमों में बदलाव किए गये हैं। पहले 6 बीघा भूमि होने पर ही तारबंदी योजना का लाभ मिलता था. अब सरकार ने 0.5 हैक्टेयर भूमि पर भी योजना का लाभ देने की घोषणा की है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की जारी की गाइड लाईन में परिवर्तन किया है। अब नीलगाय, जंगली पशुओं तथा निराश्रित पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने व रोकथाम के लिए राज्य योजना, एनएफएसएम, पोषण मिशन तथा नेशन मिशन के तहत तारबंदी कार्य पर 6 बीघा (1.5 हैक्टेयर) के स्थान पर 0.5 हैक्टेयर भूमि पर अनुदान दिया जएगा। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ. धर्मपाल सिंह ने बताया कि इन बदलावों से किसानों को काफी फायदा होगा। किसान अधिक लाभ उठा सकेंगे।

### किसान चैनलिंक तारबंदी में करंट नही छोड़ सकते

उन्होंने बताया कि सभी श्रेणियें के किसानों को लाभ दिया जाएगा। एक किसान के पास न्यूनतम 0.5 हैक्टेयर भूमि एक स्थान पर हो समूहों में आवदेन करने पर न्यूनतम 2 किसानों के पास 0.5 हैक्टेयर भूमि होनी चाहिए। योजना में पति-पत्नी को भी अलग-अलग किसान माना गया है। अनुदान पाने के लिए जीएसटी बिल देना होगा। व्यक्तिगत 0.5 हैक्टेयर पर अधिकतम 400 रनिंग मीटर तारबंदी करने पर 50 प्रतिशत या 40 हजार रूपये तथा लघु/सीमांत किसानों को 60 प्रतिशत पर अधिकतम 48 हजार रूपये दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामुदायिक रूप में 6 या 5 से अधिक किसानों को एक स्थान पर तारबंदी करने वाले के पास न्यूनतम 5 हैक्टेयर जमीन पर प्रत्येक किसान को 70 प्रतिशत यानी 400 रनिंग मीटर पर 56 हजार रूपये अनुदान दिया जाएगा।

### आवेदन के लिए कृषक के पास आवश्यक दस्तावेज होना जरूरी

उन्होंने बताया कि स्वयं की उचित भूमि अथवा स्वयं के नाम भूमि नहीं होने पर राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी से नेशनल शेयर प्रमाण पत्र बनवाना होगा। जनधार कार्ड, फोटो आदि दस्तावेज ई-मित्र पर जाकर राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। स्कूल, कॉलेज, मन्दिर, ट्रस्ट आदि के नाम भूमि पर अनुदान नही मिलेगा। किसान तारबंदी या जाल बंदी में करंट नहीं छोड़ सकते है।

# चिकित्सा विभाग की ओर से फायर सेफ्टी वीक शुरू, 26 अप्रैल तक चलेगा

**धौलपुर, ब्यूरो।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 21 अप्रैल से फायर सेफ्टी वीक कार्यक्रम शुरू हुआ। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से निदेशालय के आदेशों की पालना में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षा की जानकारी बढ़ाने, तैयारियां करने और अग्नि सुरक्षा के मानकों की पालना सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में 21 से 26 अप्रैल तक फायर सेफ्टी वीक का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान पूरे जिले में चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सा उपकरणों व संसाधनों की आग से सुरक्षित रखने के बारे में बताया जाएगा और वेबिनार एवं जागरूकता संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह गतिविधियां सरकारी और निजी दोनों तरह के चिकित्सा संस्थानों में आयोजित की जाएंगी और इसमें अन्य विभागों का सहयोग भी लिया जाएगा।

# पुलिस स्टाफ की मेहनत लाई रंग बिछड़ी हुई बच्ची को मिलाया परिजनों से

## परिवार जिन्होंने बताया सराहनीय कार्य पुलिस को दिया धन्यवाद





**कैलारस,कासं.।** अपने चाचा के पीछे बाजार आई सृष्टि प्रजापति पिता राजकुमार प्रजापति उम्र 4 वर्ष निवासी मस्जिद गली कैलारस अपने परिवार जनों को अपने पास न पा कर रोने लगी तो वहां पर मोजूद लोगो ने उपनिरीक्षक हिमाशु यादव और आरक्षक ब्रजराज को सूचना दी सूचना मिलते ही आरक्षक ब्रजराज मोके पर पहुचे ओर सृष्टि प्रजापति से उसका नाम पता पूछा तो वह कुछ भी नही पता पा रही थी बस बच्ची रो रही थी तो ने भी सोच लिया था कि कुछ भी हो जाए बच्ची सृष्टि प्रजापति को परिजनों को मिलवाकर रहेंगे वही पुलिस स्टाफ ने बिछड़ी हुई को परिवारजनों से मिलवाने के लिए शोशल मीडिया एव अन्य माध्यम से परिवार जनों की तलाश की लेकिन परिवार जनो का पता नही चल सका शहर में लगभग 2 से 3 घंटे घुमाया लेकिन बच्ची के परिवार जनों का पता चला और बच्ची कुछ बता नही पा रही थी एवं लोगों से पूछताछ की तो उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी तो उपनिरीक्षक हिमान्शु यादव एव आरक्षक ब्रजराज ने थाना प्राभारी वीरेश कुशवाह को अवगत कराया तो थाना प्रभारी ने उपनिरीक्षक हिमांशु यादव एव आरक्षक ब्रजराज ओर अन्य स्टाफ को परिजनों की तलाश करने के निर्देश दिए वही बच्ची के परिवार जन भी बच्ची को ढूंढ रहे थे ओर वही बच्ची के परिवार जन बच्ची को ढूंढते ढूंढते थाने पहुंचे और बच्ची के गुम होने की सूचना दी तो पुलिस स्टाफ ने कहा कि आपकी बच्ची सुरक्षित हैं आप लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है वही बच्ची को मिलते ही परिवारजनों सहित उपस्थित लोगो पुलिस के इस कार्य को सराहनी बताते हिये धन्यवाद दिया वही उपनिरीक्षक हिमांशु यादव एव आरक्षक ब्रजराज ने बताया कि हमारी 2 से 3 घण्टे की मेहनत सफल हुई हमने बच्ची को उसके परिवार जनों से मिलवा दिया हैं। वही थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह एव उपनिरीक्षक हिमांशु याद, सहायक उपनिरीक्षक धर्मेद्र सिंह सहित अन्य पुलिस स्टाफ ने कहा कि आये दिन घटनाए हो रही हैं इस इसलिए बच्ची को लेकर चिंतित थे परिवारजन मिल गए हैं बच्चे को सौंप दिया है।

## शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट

**मुरैना 22 अप्रेल।** जिले के जौरा थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बदरपुरा थाना बागचीनी निवासी देवेन्द्र अपने भाई जहारसिंह त्यागी के साथ बिलगॉव के पास खडे थे कि उसी समय बिलगॉव निवासी उपेन्द्र उर्फ बच्चू शर्मा, सोनू, छोटू, लल्लो अन्य सभी जाति ब्राम्हण ने फरियादी से शराब के लिए पैसे मांगे जब पीडित ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियो ने उसकी व उसके भाई की मारपीट कर जान स मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज कर लिया है।

## उपचार के दौरान युवक की मौत

**मुरैना 22 अप्रेल।** दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारीपुरा में निवास करने वाले सतीष पुत्र नत्थीलाल तोमर उम्र 30 की एसजे हॉस्पीटल नई दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने युवक की मौत पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

# पीयर प्रशिक्षण बच्चों के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा: प्राचार्य शांडिल्य



**मुरैना,कासं.।** संगत द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पीयर प्रशिक्षण जो स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के 10 छात्र छात्राओं ने भी भागीदारी की है , यह कार्य संगत का महत्वपूर्ण कार्य है इस प्रशिक्षण से सीख कर हमारे यह नव किशोर अपनी कक्षा के और छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर जागरूक करेंगे यह योजना बहुत ही सराहनीय है और यह प्रशिक्षण बच्चों के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा। यह बात श्री मुकेश शांडिल्य प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 ने प्रशिक्षण के दौरान समस्त छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही । साथ ही उन्होंने कहा कि तनाव का होना स्वाभाविक है पर उसका नियंत्रण करना एक कला है जिसको तनाव नियंत्रित करना आया समझो वह सारी स्थितियों का प्रबंधन कर सकता है । ज्ञातव्य हो के संगत संस्था इन दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ,जो विद्यालय द्वारा चुने हुए हैं। और आगे चलकर जुलाई के माह से अपनि कक्षा में दो छात्र मिलकर मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अपने सहकर्मियों के साथ बातचीत करेंगे, और यह सिलसिला वर्ष भर चलाया जाएगा। वही शिवदत्त उपाध्याय इनोवेटिव पब्लिक स्कूल के शिक्षक साथी ने भी बताया कि हम संगत संस्था से पिछले सत्र से जुड़े हुए हैं और संगत का कार्य बहुत ही लाभकारी है इससे हमारे बच्चों में उत्साह पैदा हो रहा है और निराशा उनसे दूर जा रही है, यह प्रशिक्षण संगत संस्था की साइकोलॉजिस्ट निष्कला साई रेड्डी, मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक हिमांशु शाक्य एवं हिमांशु त्रिपाठी द्वारा दिया जा रहा है विद्यालय की ओर से सचिन सर एवं कविता मैडम पूरे समय प्रशिक्षण में सहयोग कर रहे हैं इस प्रशिक्षण में कुल चयनित 32 छात्र एवं छात्राएं शामिल हैं आयोजन की तैयारी एवं प्रबंधन संगत संस्था के जिला समन्वयक मनोज कुमार कुलश्रेष्ठ ने के द्वारा किया जा रहा है यह पीयर प्रशिक्षण दिनांक 21 अप्रैल 2025 से शुरू होकर , पांच दिवस 25 अप्रैल 2025 तक संचालित किया जाएगा।

# जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी समय पर निराकरण करें: जिला सीईओ

## 22 अप्रैल को जनसुनवाई में 102 आवेदनों पर हुई सुनवाई

कार्यालय संवाददाता।



**मुरैना।** शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने 22 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 102 आवेदन प्राप्त हुये, उनमें से 5 आवेदन ऐसे पाये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में संभव था। उसे उत्तरा पोर्टल पर ई-गवर्नेंस द्वारा अपलोड किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, एसडीएम मुरैना श्री बी एस कुशवाह, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, नायब तहसीलदार सुश्री दीप्ती खरे सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, नगर निगम, पेयजल, राशन, बीपीएल, अनुग्रह सहायता सहित अन्य संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने भी जनसुनवाई में आवेदन दिये। जनसुनवाई के दौरान जिला सीईओ ने सभी को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# पार्थ योजना के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

कार्यालय संवाददाता।

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार आर्मी और पुलिस की भर्ती पूर्व शारीरिक और लिखित परीक्षा का प्रशिक्षण दिया जाना है। युवाओं को खेल और रोजगार से जोड़ने की दिशा में पार्थ योजना आरंभ की गई है। पार्थ (पुलिस, आर्मी, रिफरूटमेंट ट्रेनिंग और हुनर) योजना 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 09 संभागीय मुख्यालयों में से चम्बल संभाग (मुरैना) प्रारम्भ की गई है। योजना खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति के माध्यम से संचालित की जाना है।

संभागीय खेल अधिकारी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत पुलिस, आर्मी और अर्द्ध सैनिक बल में भर्ती हेतु शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी करवाई जाना है। यह योजना स्ववित्तपोषित है। इन परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवक एवं युवतियां शासन की महत्वकांक्षी योजना पार्थ योजना के अंतर्गत शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। 05 मई से शारीरिक

### 05 मई से प्रशिक्षण प्रारंभ होगा

प्रशिक्षण 5वीं बटालियन एसएएफ ग्राउण्ड मुरैना में दिया जायेगा। लिखित परीक्षा की तैयारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में प्रारम्भ की जायेगी।

प्रशिक्षण रियायतीं दरों पर मैरिट के आधार पर सिलेक्शन, 03 माह और 06 माह का प्रशिक्षण की अवधि में दिया जायेगा। युवाओं को मैरिट के आधार पर चयनित किया जायेगा। 01 माह के प्रशिक्षण के लिए 1500 रूपये, 03 माह के प्रशिक्षण के लिए 04 हजार रूपये और 06 माह के प्रशिक्षण के लिए 08 हजार रूपये निर्धारित किया है। कम से कम 10 महिलाओं को प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करना है।

महिला प्रशिक्षणार्थियों को 50 प्रतिशत रियासत दी जायेगी। प्रशिक्षणार्थियों की संख्या 80 से अधिक होने पर 02 बैचों में तैयारी कराई जायेगी। प्रशिक्षण से पूर्व प्रशिक्षणार्थियों की पात्रता का आकलन शासकीय सदस्यों की गठित समिति के द्वारा किया जायेगा। आकलन का आधार क अनुसार शैक्षणिक योग्यता (भर्ती विज्ञापन अनुसार) आयु (न्यूनतम आयु 17 वर्ष निर्धारित है), प्लेट-फुट, नॉक-नी, दृष्टि दोष एवं अन्य कोई गम्भीर शारीरिक बीमार आवेदक को नहीं है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क टी-शर्ट, आईडी कार्ड दिया जायेगा और पंजीयन शुल्क 100 रूपये की राशि प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रदान की जायेगी, सीमित सीटें उपलब्ध है। महिलाओं को शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इच्छुक युवा रजिस्ट्रेशन के लिये संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना पर संविदा जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मोबाईल नंबर 7974480880, संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मोबाइल नंबर 9301065512 से कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है। आवेदन फार्म विभागीय वेबसाइट www.dsy-wmp.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

### चम्बल भवन में जनसुनवाई में 05 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना 22 अप्रैल, 2025**/चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री राजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 05 आवेदकों की समस्याओं को सुना। ये शिकायतें विशेषकर राजस्व, भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण से संबंधित पाई गईं थीं।

### शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं से आवेदन 22 जून तक आमंत्रित

**मुरैना 22 अप्रैल, 2025**/शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये कक्षा 7,8,9 एवं 11वीं में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं से आवेदन 22 जून, 2025 तक आमंत्रित किये गये है। शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय महाराजपुर रोड़ चम्बल संभाग मुरैना में सीबीएसई बोर्ड हिंदी माध्यम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 90 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत अन्य सभी के लिये (बीपीएल कार्ड धारक) को शामिल किया है। प्रवेश परीक्षा 25 जून, 2025 को आयोजित की जायेगी। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून नियत की गई है। आवेदन पत्र विद्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते है।

### रास्ता रोककर मारपीट

**मुरैना 22 अप्रेल।** टेंटरा थाना पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम छार निवासी महिला इमरती पत्नी शिवचरन रावत की आरोपी विजय,रामकली, मीरा समस्त जाति रावत ने पीडिता की रास्ता रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित महिला की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### राजू ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

**मुरैना 22 अप्रेल।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम मुन्शी का बाग में निवास करने वाले राजू कुशवाह पुत्र रामहेश उम्र 25 साल ने अपने घर पर अज्ञात कारणो के चलते फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही शव का मौका पंचनामा बनाकर शव पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी सोनू कुशवाह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# म.प्र. के मुरैना जिले की घटना निन्दनीय-मायावती



**मुरैना,कासं.।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपने एक्स अकाउंट पर जारी बयान में दलितो के साथ अन्याय और अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए सरकार पर हमला बोला है, उन्होने कहा कि दलित समाज ऐसी पार्टियो से सावधान रहे केन्द्र व राज्य सरकारें दलित वोट हथियाने के लिए डॉ. अम्बेडकर के प्रति झूठा सम्मान दिखा रही है। उन्होने 14 अप्रेल 2025 को मुरैना जिले में एक दलित युवक की हत्या तथा एक युवक घायल होने वाली घटना को निन्दनीय करार देते हुए उन्होने कहा कि अम्बेडकर जयंती पर इस बार देश के कई राज्यो में इनकी प्रतिमा का अनादर व जुलुश पर सामंती तत्वों के हमले में अनेक लोग घायल होने की घटनाऐं अति शर्मनाक है। यह सरकारो के दोहरे चरित्र का प्रमाण है। केन्द व राज्य सरकारें दलितो पर ऐसे हो रहे अन्याय, अत्याचार व इनके महान संतो, गुरूओ व महापुरूषो के अनादर अपमान की घटनाओ को गंभीरता से लेकर जरूर सक्त कार्यवाही करके इसे रोंके, वरना इन वर्गो के लोग उन्हें कभी माफ नही करेगें।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन ने ज्ञापन सौपा




**मुरैना,कासं.।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश शाखा मुरैना द्वारा वित्त सचिव पेंशनर विभाग नई दिल्ली के नाम आयुक्त को ज्ञापन सौपा गया। सौपे गए ज्ञापन में पेंशनर विष्णु शुक्ला ने कहा कि प्रांताध्यक्ष श्री राजकुमार दुबे के आब्हान पर पूरे प्रदेश में सभी जिलो, तहसीलो एवं संभागो में ज्ञापन सौपकर मांग की गई कि 1 जनवरी 2025 के पहले के सेवानिवृत्त पेंशनरों को प्रस्तावित आठवें वेतनमान के लाभ्स से बंचित किया जा रहा है, जो पेशनरो के साथ घोर अन्याय है। उन्होने पेंशनरो को आठवे वेतनमान में पेंशनरों का अहित नही किए जाने की अपील की है। ज्ञापन देने वालो में जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा,अशोक डण्डोतिया, रामसुन्दर हांकरे, जेपी शर्मा, जयप्रकाश डण्डोतिया, कमलेश सविता, रामनिवास शर्मा, मुस्ताक अहमद, रामसनेही शर्मा, अगमपाल सिंह यादव सहित अनेक पेंशनर उपस्थित थे।

## (सफलता की कहानी)

# जनसुनवाई में श्री रिषभचंद्र जैन को वृद्धाश्रम में रहने का जरिया मिला






**मुरैना।** नगर निगम मुरैना के अंतर्गत नैनागढ़ रोड निवासी रिषभ चंद्र जैन को जनसुनवाई में आवेदन करते ही वृद्धाश्रम में रहने का जरिया मिल गया। अब रिषभ चंद्र जैन को भवन के किराये की चिंता नहीं सतायेगी। नैनागढ़ रोड निवासी 70 वर्षीय श्री रिषभचंद्र जैन पुत्र स्वर्गीय महाराज सिंह जैन लंबे समय से किराये के मकान में रह रहे थे। वृद्धावस्था में एक तो दिनचर्या के हिसाब से सुबह-शाम के भोजन और उपर से मकान किराये की चिंता उन्हें हर महीने की 30 तारीख को सताने लगती थी। वे इस वृद्धावस्था में मजदूरी करने में भी असमर्थ थे।

थोड़ी बहुत मजदूरी या कम से कुछ मिलता भी तो उससे केवल पेट पालन ही हो पाता था। इसके बाद मकान के किराए बढ़ने का डर भी सताता रहता। 15 अप्रैल को रिषभ चंद्र जैन ने मन बना लिया कि मुझे जनसुनवाई में कलेक्टर से आवेदन करना है कि मुझे वृद्धाश्रम में भेज दिया जाये।

आवेदन को पढ़ते ही कलेक्टर ने तत्काल उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा शर्मा को निर्देश दिये कि वृद्ध श्री रिषभ चंद्र जैन को अपने वाहन से तत्काल वृद्धाश्रम में भेजा जाये।

ये शब्द सुनकर रिषभ चंद्र जैन के आंखों से आंसू उमड़ पड़े और कहने लगे कि वृद्धों को सरकार की योजनायों का ही आसरा है। अगर वृद्धाश्रम नहीं होता तो हम वृद्धों को रहने का कोई ढिकाना नहीं था।



### जल गंगा संवर्धन अभियान 2025

## अम्बाह शाखा नहर की वितरिका 3एल. की आरडी 70 पर साफ-सफाई अभियान चलाया

**मुरैना,कासं.।** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पीएस जाटव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चम्बल नहर प्रणाली की अम्बाह शाखा नहर की वितरिका 3एल. की आरडी 70 पर जंगल सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों एवं विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी

**कैलेण्डर बनाकर संभागवार होंगे सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन**

**टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति**



**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई। योजना अंतर्गत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं।

पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपये में से वधू को राशि रूपये 49 हजार का एकाउन्ट पेयी चेक और शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदाय किया जायेगा।

# जल ही जीवन का आधार है, इसकी हर बूंद सहेजें : मुयमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान की सफलता के लिए प्रदेश के नागरिकों से एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया है। उन्होंने मंगलवार को एक बयान में कहा है कि जल ही पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व का आधार है। इस की एक-एक बूंद सहेजने की आवश्यकता है। प्रदेश में 30 मार्च से शुरू हुआ जल गंगा जल संवर्धन अभियान का सिलसिला जन-सहभागिता से अब जन अभियान बन चुका है। श्योपुर में कलश यात्रा और भूमि पूजन तालाब के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को श्योपुर की ग्राम पंचायत सोईकलां के ग्राम चिमलका में कलश यात्रा निकाल कर तालाब जीर्णोद्धार के लिए भूमि-पूजन के साथ श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने बताया कि जिले में जल गंगा3 संवर्धन अभियान के अंतर्गत 124 खेत तालाब तथा 12 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। पूर्व से संचालित 1860 कार्यो में से 960 को तीन माह में पूर्ण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि श्योपुर विकासखण्ड में अभियान के तहत 46 रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, 24 खेत तालाब, 8 परकोलेशन टेंक, 18 तालाब, 3 कुओं का जीर्णोद्धार, 11 रिचार्ज शाफ्ट, 2 लीज पिट, 38 सोकपिट सहित कुल 150 कार्य लिये गये है।

राजगढ़ में जल की एक-एक बूंद सहेजने प्रशासन और नागरिक चला रहे श्रमदान महा-अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत राजगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक जल संरचना का जीर्णोद्धार कर उनमें बरसात के एवं सतही पानी को सहेजने की मुहिम जारी है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा निर्देश पर जिले के 25 गांवों में स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान अभियान चलाया गया। इस महाअभियान में महराजपुरा, बटेरिया, दोगडा, पडलिया, चिबडकलां, चाठा, रावतपुरा, डोबी, डालूपुरा, धामनिया, नारायण घटा, मंगलपुरा, भीलाखेडी, महुआबे, माधवपुरा, सुवाडेही, सादलपुर, लक्ष्मणपुरा, काचरी, कडकपुरा, बावडीखेडा, तुमडियाखेडी, सलेपुर, बरखेडा खुर्रम और पिपलिया पाल में स्थित तालाब, परकोलेशन टेंक, कुएं एवं बावडियों की श्रमदान से साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया गया।अलीराजपुर में जल गंगा गंगा संवर्धन जन-सहभागिता से जल संरक्षण का अभियान।

# राजगढ़ : संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल शुरु, राजयोग महादेव को सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को अनिश्चित हड़ताल शुरु की, पहले दिन कर्मचारियों ने राजयोग महादेव मंदिर परिसर में धरना प्रदर्शन किया और भगवान राजयोग महादेव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि नियमितीकरण सहित विभाग में संविलियन किया जाए, पूर्व से दी जा रही ईएल एवं मेडीकल सुविधा दी जाए, अनुबंध प्रथा व अप्रेजल जैसी कुरीति को पूरी तरह समाप्त किया जाए, सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष की जाए, एनपीएस ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा एवं डीए की सुविधा शुरु की जाए, वेतन विसंगति में संशोधन किया जाए, निष्कासित सपोर्ट स्टाफ एवं मलेरिया एमपीडब्लू की वापसी की जाए। इन विभिन्न मांगों को लेकर जिले के करीब 700 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

# खण्डवा की रूपल जायसवाल ने यूपीएससी में 512 वीं रैंक प्राप्त की

**खंडवा।** यूपीएससी परीक्षा में खंडवा की रूपल जायसवाल ने 512 वीं रैंक प्राप्त की है। यूपीएसई में रूपल का यह दूसरा प्रयास था और उन्होंने यह सफलता बगैर किसी कोचिंग के प्राप्त की। रूपल की इस सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लग गया, वहीं माता पिता सहित पूरे परिवार का मुंह मीठा कराया।

खंडवा की रूपल पुत्री धनंजय जायसवाल को यूपीएससी में यह सफलता ऑनलाइन और पुस्तकों के जरिए मिली। रूपल ने पुणे से बीए एलएलबी की पढ़ाई कर दो साल मुंबई की एक लॉ फर्म में नौकरी की। लेकिन पढ़ाई का जज्बा ऐसा था कि यूपीएससी की तैयारी के लिए नौकरी छोड़ घर लौट आई। रूपल के पिता इंजीनियर हैं वहीं मां हाउस वाइफ है,दो बहन एक भाई है। 28साल की रूपल अपने माता पिता की दूसरे नंबर की संतान है। रूपल ने बताया कि उन्होंने दूसरी बार इस परीक्षा भाग लिया और सफलता प्राप्त की। इसके लिए वह माता पिता के साथ स्वयं सफलता का श्रेय देती है। रूपल की मां लता जायसवाल ने कहा कि बेहद गर्व की अनुभूति हो रही है।बेटी ने इस सफलता के लिए बहुत मेहनत की और उसे इसका परिणाम मिला।

# मंदसौर के ऋषभ चौधरी को यूपीएसएसी में 28वीं रैंक मिली तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की

**मंदसौर।** जिले के गरोठ के रहने वाले ऋषभ चौधरी ने यूपीएसएसी परीक्षा में 28वी रैंक हासिल की है। ऋषभ यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले गरोठ नगर के दूसरे छात्र हैं। ऋषभ से पहले उन्हीं के चाचा के बेटे अभिनव चौधरी ने साल 2020 में 238वी रैंक हासिल की थी। अभिनव चौधरी फिलहाल महाराष्ट्र के पुणे में डिफेंस आडिट में डिप्टी डायरेक्टर के रूप में कार्यरत है। 27 वर्षीय ऋषभ चौधरी ने बतायां कि वह किताब और इंटरनेट का सहारा लेकर घर में ही रोजाना 8 घंटे पढ़ाई करते थे, पहले अटेंप्ट में 2022 में उनका प्रिलिम्स क्लियर नहीं हुआ वहीं दूसरे चरण में 2023 की मुख्य परीक्षा में असफल हो गए। जिसके बाद उन्होंने खूब मेहनत की ओर साल 2024 में तीसरी बार प्रयास करने पर उन्हें यह सफलता हाथ लगी है। ऋषभ के पिताजी मनोज चौधरी का निधन 2023 में चुका है, परिवार का ट्रांसपोर्ट और बीमा का व्यवसाय है। ऋषभ की इस ऊंचाई को देख परिवार के साथ क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। ऋषभ चौधरी ने अपने चाचा के बेटे अभिनव चौधरी से प्रेरणा हासिल कर और बिना कोचिंग के घर पर अध्ययन कर यूपीएसएसी परीक्षा में 28वीं रैंक हासिल की है।

# मुन्नालाल डंडोतिया का हृदयघात से दुःखद निधन



**मुरैना।** वरिष्ठ समाजसेवी मुड़ियाखेड़ा निवासी ठाकुर मुन्ना लाल डंडोतिया का हृदयगति रुक जाने के कारण निधन हो गया, तीन बच्चियों सहित वो अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है, उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है । उनके अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए जिनमें पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी,नेतागण, प्रमुख समाजसेवी आदि थे।

# भारतीय संस्कृति में है समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण : उच्च शिक्षा मंत्री परमार

## यज्ञ अनुष्ठान, भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग हैः परमार



**भोपाल, ब्यूरो ।** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में यज्ञ अनुष्ठान के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध, परीक्षण एवं प्रयोगात्मक अध्ययन कार्यों के विस्तृत प्रतिवेदन का अवलोकन किया। प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण द्वारा शोधार्थी विद्यार्थियों ने मंत्री परमार को अपने शोध एवं अध्ययन कार्यों से भी अवगत कराया।

मंत्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण अंग यज्ञ अनुष्ठान पर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित आध्यात्मिक पुरुषार्थ करने वाले समस्त शोधार्थी विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिक दल की सराहना करते हुए, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यज्ञ अनुष्ठान, भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग है। यज्ञ अनुष्ठान के शोध एवं अध्ययन का यह निष्कर्ष, वैश्विक मानस पटल पर भारतीय पुरातन ज्ञान के प्रति मानसिक अवधारणा को प्रभावित करेगा और भारतीय समाज में प्रचलित परम्परा के रूप में निहित ज्ञान में विद्यमान वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर अभिव्यक्त करेगा। परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध एवं अध्ययन सतत् होना चाहिए। भारतीय समाज में हर विद्या हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए समाज में अपने पुरातन ज्ञान के प्रति स्वत्व का भाव जागृत कर, हीन भावना से मुक्त होना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने समाज में शोध एवं अनुसंधान के आधार पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण समावेशी परंपराएं स्थापित की थीं। अतीत के विभिन्न कालखंडों में भारतीय समाज की परम्पराओं के प्रति हीन दृष्टि बनाने का कुत्सित प्रयास किया गया। ऐसे शोध निष्कर्षों से भारतीय समाज के प्रति वैश्विक मानसिक अवधारणा में परिवर्तन आएगा। सूर्य एवं वृक्ष आदि के संरक्षण के लिए कृतज्ञता के भाव से श्रद्धा रूप में परम्परा एवं मान्यता स्थापित की थीं। कृतज्ञता, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। भारतीय ज्ञान परम्परा मात्र ग्रंथों में सीमित नहीं है बल्कि इसमें समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समावेश हैं। इसके दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। इससे भविष्य की पीढ़ी जान सकेगी कि भारत विश्वगुरु की संज्ञा से क्यों सुशोभित था। ऐसे शोध एवं अध्ययन के निष्कर्ष समाज को अपने ही ज्ञान के प्रति हीन भावना से मुक्त करेंगे और वैश्विक मानस को परिवर्तित करने में योग्यता सिद्ध करेंगे। ज्ञातव्य है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रायसेन जिले के मंडीदीप स्थित औद्योगिक क्षेत्र में 13 से 16 जनवरी 2025 को संपन्न हुए चार दिवसीय आमजन शक्ति संवर्धन, विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान यह शोध, परीक्षण एवं अध्ययन कार्य संपादित किए गए है। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के 27 शोधार्थी विद्यार्थियों ने विभिन्न संस्थानों के समन्वय एवं सहयोग से यह प्रयोगात्मक अध्ययन एवं शोध कार्य किया है, जिसके उत्साहजनक निष्कर्ष एवं सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यज्ञ के दौरान भस्म, जल, वायु, मृदा, स्वास्थ्य(सामाजिक) तथा ध्वनि पर; शोध एवं अध्ययन कर यह विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया है। गायत्री महायज्ञ के वैज्ञानिक परीक्षण, शोध एवं प्रयोगात्मक अध्ययन में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल, मप्र प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड भोपाल, मण्डीदीप प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल, फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (स्त्रक्क इंडिया) एवं राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा है। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के निदेशक डॉ. प्रजेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में, संस्थान के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने शोध कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये, यज्ञ को पर्यावरण शुद्धि और पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने का महत्वपूर्ण कारक बताया है। शोध कार्य के दौरान कई हानिकारक प्रदूषकों के मानको का स्तर घटा हुआ पाया गया जैसे पानी में बहुत कम हुआ, मिट्टी की उर्वरकता में अप्रत्याशित वृद्धि पाई गई। विभिन्न सामाजिक पहलुओं पर सकारात्मक प्रभाव देखा गया, ऋणात्मक आयन की वृद्धि से मंडीदीप क्षेत्र का पर्यावरण शुद्ध होता पाया गया। यज्ञीय वायु में ऑक्सीजन, बेंजीन, टोलियूईन, आदि पर शोध हुए। प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण के दौरान उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के विभिन्न प्राध्यापकगण, गायत्री परिवार के विभिन्न पदाधिकारीगण, सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधिगण, वैज्ञानिक दल एवं शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# हरि पर्वत की तर्ज पर विकसित होगा आनंद पर्वत



## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम कमिश्नर एवं अधिकारियों के साथ किया आनंद पर्वत का निरीक्षण

**ग्वालियर,नसं.।** हरि पर्वत की तरह ही आनंद पर्वत को भी हरा-भरा बनाया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को हरि पर्वत के सामने ही स्थापित आनंद पर्वत का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, एसडीएम श्री विनोद सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अधिकारियों से कहा है कि आनंद पर्वत को विकसित करने के लिये सभी आवश्यक तैयारियाँ तत्परता से प्रारंभ की जाएं। आनंद पर्वत पर लगभग 4 बीघा जमीन उपलब्ध है, जिसको हरा-भरा बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि हरि पर्वत की तरह ही आनंद पर्वत को भी सभी के सहयोग से विकसित करने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्य में शहर की सामाजिक संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों का भी सहयोग लिया जायेगा। सर्वप्रथम आनंद पर्वत की भूमि को उपजाऊ बनाने के लिये कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही वृहद रूप से वृक्षारोपण करने के साथ ही वॉकिंग ट्रैक का निर्माण भी किया जायेगा। आनंद पर्वत को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जायेंगे।

**जन आकर्षण का केन्द्र बना है हरि पर्वत**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि उच्च न्यायालय खण्डपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री आनंद पाठक की पहल पर नवम्बर माह में हरि पर्वत को हरा-भरा करने का कार्य हाथ में लिया गया था। सभी के सहयोग से पर्वत पर वृहद वृक्षारोपण किया गया। हरि पर्वत आज जन आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

पर्वत पर बड़ी संख्या में वृक्ष लहलहा रहे हैं। इसके साथ ही अनेक प्रकार के पक्षी भी हरि पर्वत पर देखे जा सकते हैं। शहर के गणमान्य नागरिक भी हरि पर्वत पर पहुँचकर हरियाली का आनंद ले रहे हैं। इसी तर्ज पर आनंद पर्वत को भी हरा-भरा बनाने का सार्थक प्रयास प्रारंभ हो गया है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

सं-C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2025 दिनांक -17.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य )- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी** : Misc- Static- Service- Water Vending Machines

**केटलोग संख्या** : WVM- GWL-03-25 | **यूनिट्स (स्टेशन)** :03-यूनिट-(ग्वालियर रेलवे स्टेशन)

**एसेट्स डिटेल्स**

झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर वेडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी

**प्लेटफार्म एवं लोकेशन**

1. प्लेटफॉर्म-1- एक मशीन आउट्वई पार्सल ऑफिस के निकट आगरा छोर। 2. प्लेटफॉर्म-2/3- एक मशीन वाटर बूथ एवं ओ.एस.ओ.पी के मध्य आगरा छोर। 3. प्लेटफॉर्म-4 एक मशीन वाटर सी.ओ.पी स. 8 एवं सी.ओ.पी स. 9 के मध्य वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी छोर।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक -05.05.25 को समयः - 10:30 से**


**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक -05.05.25 को समयः - 11:00 तक**

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अतंर्गत उपलब्ध है । **674/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



ॐ शान्ति उठावनी ॐ शान्ति



अत्यन्त शोकाकुल हृदय से सूचित करते है कि

**ठा. सुरेशचन्द , ठा. अनूपसिंह, ठा. कुलेन्द्रसिंह (टीपू) , ठा. राकेशसिंह** के ज्येष्ठ भ्राता

**ठा. मुन्नालाल डण्डौतिया जी**

**का स्वर्गवास दिनांक 22/04/2025, दिन मंगलवार** को हो गया है।

जिनकी उठावनी दिनांक 23 अप्रैल 2025, बुधवार को दोपहर 12 बजे से सांय 5 बजे तक निज निवास ठा. श्रीगोविन्द डण्डौतिया का बाड़ा, मुड़ियाखेड़ा, मुरैना पर रखी गयी है।

**शोकाकुल परिवार**

**पुत्रगण :** गोवर्धन, मनोज, विनोद, ब्रजभूषण, देवेन्द्र, रमाकांत, योगेश, विकास, आकाश, गौरव, नीरज,

**नाती :** अनुराग, विवेक, आशीष, राज, वेदांत, रिषव, नील, शिवा, कुशाल, चीकू, निक्कू, शीनू, शुभांशु, गुरूदत्त, मोहक एवं समस्त डण्डौतिया परिवार

**मोबा.** 9009730430, 9826218408, 9827679785, 9098807070


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954